नई दिल्ली
मंगलवार, 8 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 84
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 33.0
न्यून. 28.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,422.50 | 9.61 ▲ |
| निफ्टी | 25,461.00 | 55.70 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,570/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,04,800/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.87 | 47 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 68.50 बैरल | 0.29% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# शताब्दी वर्ष में हर गांव-हर घर तक पहुंचेगा संघ, देशभर में होंगे हिन्दू सम्मेलन

हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर होगी चर्चा

तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक में संघ कार्य विस्तार, शताब्दी वर्ष योजना, विभिन्न प्रांतों में चल रहे कार्य, अनुभव व प्रयासों को लेकर चर्चा हुई

तीन दिवसीय बैठक में हुई चर्चा से आंबेकर ने पत्रकारों को कराया अवगत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन करेगा। हर गांव- हर घर तक संघ पहुंचेगा। हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी।

इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। केशव कुंज दिल्ली में सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक (04, 05, 06 जुलाई) रविवार को संपन्न हुई। सोमवार को केशव कुंज में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने तीन दिवसीय बैठक के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। सुनील आंबेकर ने बताया कि प्रांत प्रचारक बैठक में शताब्दी वर्ष की योजना को लेकर चर्चा हुई। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों




में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में देश में संघ रचना से 58964 मंडल, 4455 बस्तियां हैं। हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। संघ रचना के अनुसार देश के 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। समूह, व्यवसाय, वर्ग के अनुसार गोष्ठियों में भारत के विचार, भारत के गौरव, भारत के स्व आदि विषयों पर चर्चा होगी। सुनील आंबेकर कहा कि वृहद गृह संपर्क अभियान के तहत हर गांव, हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। विजयादशमी उत्सव से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा। देशभर में आयोजित विजयादशमी उत्सवों में सभी स्वयंसेवक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। लेकिन केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों को समाज तक लेकर जाएंगे। इस संदेश को शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। इसके बारे में समाज सोचता है और उसमें सहभागी होता है तो हमारी यह प्रगति एकतरफा नहीं होगी और वह सर्वसमावेशी होगी, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेगी। आंबेकर बताया कि तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोने की चमक में भारत की भागीदारी 15 फीसदी

**नई दिल्ली।** वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 12.5 ट्रिलियन डॉलर है,



जबकि सोने का बाजार वर्तमान में 23 ट्रिलियन डॉलर का है, जिसमें से 15 % भारत में है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। अब तक निकाले गए कुल सोने में से 65%आभूषणों के रूप में है और वैश्विक भंडार का मात्र 5 प्रतिशत सोने में स्थानांतरित होने

### काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक होगा महंगा

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में आगामी दिनों में रुद्राभिषेक कराना महंगा



होगा। सावन से पहले तैयारियों की बैठक में मंदिर प्रशासन और शास्त्रीगणों की मांग पर मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी से समय के अनुरूप वृद्धि का प्रस्ताव मांगा है। काशी विश्वनाथ धाम सभागार में बैठक

### वोटर लिस्ट रिवीजन मामला पहुंचा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर



जमकर विवाद हो रहा है। चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए आरजेडी सांसद मनोज झा ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है। उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया न केवल जल्दबाजी में और गलत समय पर की गई है, इससे मताधिकार से वंचित होंगे।

हमें ये देखना होगा कि कोई देश इनका उपयोग अपने स्वार्थ के लिए या हथियार के रूप में न करे

# जटिल खनिजों-तकनीक की सुरक्षित सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करे ब्रिक्सः पीएम

- पीएम ने की अगले साल भारत द्वारा 'एआई प्रभाव सम्मेलन' का आयोजन करने की घोषणा

*ब्राजील में 'स्ट्रेंथनिंग मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों व एआई' पर आयोजित किए गए ब्रिक्स के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जटिल खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाई गई पाबंदियों और उसकी गैर-पारदर्शी नीति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले पर ब्राजील में आयोजित किए गए ब्रिक्स के वार्षिक सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

जिसमें उन्होंने समूह देशों से जटिल खनिजों और तकनीक में सहयोग को आगे बढ़ाते हुए इनकी एक सुरक्षित व लचीली सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमें ये भी देखना होगा कि कोई भी देश इनका उपयोग केवल अपने स्वार्थ के लिए या हथियार के रूप में न करे। प्रधानमंत्री ने अपनी इस टिप्पणी में हालांकि चीन का प्रत्यक्ष रूप से नाम नहीं लिया। लेकिन उनका इशारा उसी की तरफ था। सम्मेलन का विषय 'स्ट्रेंथनिंग ⏩ शेष पेज 5 पर

### जटिल खनिजों पर चीन का दबदबा




*यहां बता दें कि जटिल खनिजों में शामिल लिथियम, निकल और ग्रेफाइट को बेहद महत्वपूर्ण खनिजों की श्रेणी में शुमार किया जाता है। इनका इस्तेमाल उच्च-स्तरीय तकनीक से जुड़े उत्पादों जैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए किया जाता है। भारत का पड़ोसी देश चीन इस मामले में वैश्विक सप्लाई चेन में दबदबा रखने वाला एक बेहद मजबूत खिलाड़ी है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में मानवता की समृद्धि, प्रगति और तकनीक और विशेष रूप से एआई पर निर्भर हैं। एक ओर ये सामान्य आदमी के जीवन में परिवर्तन लाने का बड़ा ही प्रभावी माध्यम है। वहीं, दूसरी ओर इसके साथ जोखिम, नैतिकता और पक्षपात जैसे प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। भारत की इस विषय पर सोच और नीति बिलकुल स्पष्ट है।*

### साझा लक्ष्यों को लेकर प्रतिबद्ध भारत

*ग्लोबल साउथ के देशों की ब्रिक्स को लेकर कुछ खास अपेक्षाएं, आकांक्षाएं हैं। जिन्हें पूरा करने में हम मिलकर काम कर सकते हैं। उदाहरण के रूप में ब्रिक्स के तहत कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत में ब्रिक्स एग्रीकल्चर रिसर्च प्लेटफार्म बनाया गया है। यह एग्री-बायोटेक, परिशुद्धि के साथ खेती, जलवायु परिवर्तन संयोजन जैसे विषयों में शोध और अच्छी आदतों को साझा करने का माध्यम बन सकता है। जिसका लाभ हम वैश्विक दक्षिण के देशों तक भी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की हमसे अपेक्षाएं जुड़ी हैं। उनको पूरा करने के लिए हमें लीड बॉय एग्जांपल के सिद्धांत पर चलना होगा। भारत सभी भागीदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साझा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने भारत के वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की पहल का उल्लेख किया और बताया कि समूह के कुछ अन्य देशों में भी इस तरह की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। मेरा सुझाव है कि हम* ⏩ शेष पेज 5 पर

### 2026 में भारत करेगा एआई सम्मेलन

*उन्होंने कहा कि अगले साल भारत एआई प्रभाव सम्मेलन का आयोजन करेगा। जिसके पीछे 2026 में भारत द्वारा की जाने वाली ब्रिक्स की अध्यक्षता बड़ा कारण है। बताते चलें कि इस साल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी ने भी ब्रिक्स सम्मेलन में भाग नहीं लिया। आकार के हिसाब से ब्रिक्स दुनिया के कुल 11 देशों की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से मिलकर बना समूह है। जिनकी अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 49.5 फीसदी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40 फीसदी और वैश्विक व्यापार में करीब 26 फीसदी भागीदारी है।*

### ग्लोबल साउथ को करते सहयोग

*प्रधानमंत्री ने कहा कि समूह की विविधता और गुणता, दृढ़ विश्वास ब्रिक्स की सबसे बड़ी ताकत है। वर्तमान में विश्व व्यवस्था चारों ओर से दबाव महसूस कर रही है। कई प्रकार की चुनौतियां और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। ऐसे में ब्रिक्स की बढ़ता महत्व और प्रभाव स्वाभाविक है। सभी को ये विचार करना चाहिए कि कैसे भविष्य में समूह एक बहुध्रुवीय दुनिया का पथ प्रदर्शक बन सकता है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी चर्चा की। जिसमें बताया कि ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के रूप में हमने ग्लोबल साउथ के देशों को मदद प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण और पुख्ता विकल्प दिया है। एनडीबी द्वारा परियोजनाओं की अनुशंसा करते वक्त मांग आधारित सिद्धांतों, दीर्घावधि वित्तीय संवहनीयता और हेल्थ क्रेडिट रेटिंग जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा कहा कि हमारी खुद की व्यवस्थाओं में सुधार करने से हमारे सुधार से जुड़े बहुपक्षवाद के आह्वान को और अधिक विश्वसनीयता मिलेगी।*

सीएम ने लुधियाना में रोड-शो कर निवेशकों के साथ संवाद किया

# 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 20 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार

सीएम डॉ. यादव के लुधियाना इंटरैक्टिव सेशन में मप्र पर बरसा धन

- *इंटरैक्टिव सेशन और संवाद-सत्र में 400 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल*
- *वन-टू-वन चर्चा में 15 से अधिक उद्योगपतियों से किया संवाद*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सोमवार को लुधियाना में हुए इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योगपतियों को मप्र में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें मप्र में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मप्र में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र देश का एकमात्र प्रदेश है, जहां पन्ना जिले में हीरा तो शहडोल में आयरन डिपाजिस्ट्स हैं। बीते दिनों सिंगरौली जिले में सोने की खदानें भी मिली हैं। उन्होंने सभी निवेशकों को ⏩ शेष पेज 5 पर

### अनाज के उत्पादन में पंजाब बड़ा और मप्र छोटा भाई

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब उपलब्ध हैं। मप्र और पंजाब दोनों जुड़वा भाइयों की तरह हैं। अनाज के उत्पादन में पंजाब बड़ा और मप्र छोटा भाई है। अब दोनों भाई मिलकर देश और मध्यप्रदेश का विकास करेंगे। पंजाब वीरों की धरती है, इसकी अलग ही पहचान है। यह गुरु परंपरा की अद्भुत धरती है। मप्र के इंदौर की पहचान स्वच्छता में है, तो लुधियाना की पहचान उद्योगों से है। हम उद्योगपतियों को मप्र में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करने आए हैं। आप खुले दिल से और बिना किसी हिचक के निवेश करें, सरकार जितनी हो सकेगी, आपकी उतनी मदद करेगी। यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने कोयंबटूर, सूरत और अब लुधियाना में रोड-शो कर निवेशकों के साथ संवाद किया है। राज्य में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव भी आयोजित की गईं। इसी साल* ⏩ शेष पेज 5 पर

भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हुआ

# सीआईएसएफ ने अमेरिका में विश्व पुलिस, फायर खेलों में जीते 64 पदक

70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने खेलों में भाग लिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने बीते 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका में आयोजित किए गए विश्व पुलिस और फायर खेलों-2025 में कुल 64 पदक जीतें हैं। जिससे देश बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल आयोजन है। जिसमें दुनियाभर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी अलग-अलग खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस साल 70 से अधिक देशों के 10 हजार से




अधिक एथलीटों ने इन खेलों में भाग लिया था। जिनमें हरियाणा के एथलीट भी शामिल हैं। सीआईएसएफ ⏩ शेष पेज 5 पर

### हरियाणा के एथलीटों की उपलब्धियां

*सीआईएसएफ के मुताबिक, हरियाणा के जींद जिले के गुरजीत सिंह ने प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए काफी सराहनीय योगदान दिया। जिसमें हाई जंप में स्वर्ण, हैमर थ्रो में रजत, डेकाथलॉन में कांस्य, ट्रिपल जंप में कांस्य और पोल वॉल्ट में कांस्य शामिल है। इसके अलावा प्रदेश के एथलीटों ने कुश्ती में सभी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जीतने वाले खिलाड़ियों में झज्जर के एएसआई/कार्यकारी* ⏩ शेष पेज 5 पर

दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के साथ हुई सीएम धामी की बैठक

# केंद्र सरकार एमआईडीएच के अंतर्गत देगी उत्तराखंड को मददः शिवराज

उत्तराखंड में मिलेट्स की परंपरागत फसलों को प्रोत्साहन के लिए एनएफएसएनएम के तहत राशि दी जाएगीः कृषि मंत्री

- *कहा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में चौथे चरण के लिए राज्य के प्रस्ताव अनुसार मंजूरी दी जाएगी*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तराखंड में कृषि व ग्रामीण विकास के लिए सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बैठक हुई। इस दौरान राज्य की मांग के अनुसार केंद्रीय मंत्री चौहान ने हरसंभव



सहायता देने की बात कही और सराहना करते हुए कहा-उत्तराखंड में कृषि-ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काफी अच्छा काम उत्तराखंड की सरकार कर रही है। उत्तराखंड में पशुओं से खेती को नुकसान होने के विषय में बैठक में कहा गया कि उत्तराखंड अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ प्रदेश है, जहां पहाड़ी क्षेत्र में अध्यासित जनसंख्या को निरंतर बनाए रखने के लिए कृषि उपज को जंगली आवारा जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए राशि की आवश्यकता है। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने किसानों को राहत के उद्देश्य से तत्काल कहा कि केंद्र की ओर से हम एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) अंतर्गत घेरबाड़ करने के लिए राज्य को राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में मडुआ, झिंगोरा जैसी मिलेट्स (श्रीअन्न) की परंपरागत फसलों को प्रोत्साहन ⏩ शेष पेज 5 पर

# भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ठाकरे बंधुओं को लिया आड़े हाथ, कहा तुमको पटक-पटक के मारेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को ठाकरे बंधुओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर आप इतने बड़े 'बॉस' हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएँ, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में आएँ - 'तुमको पटक पटक के मारेंगे'।

उन्होंने कहा कि हम सभी मराठी और महाराष्ट्र के लोगों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने भारत की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी। महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हाल ही में हुए हिंसक हमलों के लिए महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई तथा शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर सोमवार को तीखा हमला बोला और उन्हें चुनौती दी कि वे उत्तर प्रदेश, बिहार या तमिलनाडु में जाकर वहां भी ऐसा करने की कोशिश करें। निशिकांत दुबे ने ठाकरे भाइयों पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोग हमारे पैसे से जी रहे हैं। आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? अगर आप इतने साहसी हैं और हिंदी बोलने वालों को पीटते हैं, तो आपको उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों को भी पीटना चाहिए। अगर आप इतने बड़े 'बॉस' हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएँ, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में आएँ - 'तुमको पटक पटक के मारेंगे'। उन्होंने कहा कि हम सभी मराठी और महाराष्ट्र के लोगों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने भारत की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि बीएमसी चुनाव होने वाले हैं, और इसलिए, राज और उद्धव सस्ती राजनीति कर रहे हैं। अगर उनमें हिम्मत है - तो उन्हें माहिम जाना चाहिए और माहिम दरगाह के सामने किसी भी हिंदी या उर्दू बोलने वाले को पीटना चाहिए। हाल के हफ्तों में, कुछ वीडियो सामने आए और सोशल मीडिया पर ⏩ शेष पेज 5 पर

देश में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना

# नागरिक खुद कर सकेंगे गणना, लॉन्च किया जाएगा वेब पोर्टल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 2027 में जनगणना की घोषणा की है। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी, जिसमें जातिगत जनगणना भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि आगामी जनगणना के दौरान नागरिक खुद गणना कर सकेंगे और इसके लिए खास वेब पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जो दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा।

देश की पहली डिजिटल जनगणना में गणना करने वाले एंड्रॉइड और एप्पल फोन पर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए नागरिकों के आंकड़े इकट्ठे करेंगे। ऐसा देश में पहली बार ⏩ शेष पेज 5 पर

## जनगणना के लिए पहली बार इस्तेमाल होगी टेक्नोलॉजी

एक अधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना पहल जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। डेटा इकट्ठा करने और इसे सर्वर पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजने के लिए पहली बार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे जनगणना डेटा जल्दी उपलब्ध होगा। कलेक्शन, ट्रांसमिशन और स्टोरेज के समय डेटा सिक्योरिटी सुनिश्चित करने के लिए बहुत ही कड़े डेटा सिक्योरिटी उपाय लागू किए जाएंगे।



### कब होगी जनगणना?

एचएलओ 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, उसके बाद दूसरा चरण 1 फरवरी, 2027 से शुरू होगा, जिसमें जनसंख्या गणना (पीई) की जाएगी। आगामी जनगणना में घर के सदस्यों की जातियों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 को और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए 1 अक्टूबर, 2026 को होगी।

**सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय**

सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

# पांच करोड़ की हेरोइन के साथ दो सप्लायर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दो अंतरराज्यीय ड्रग सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 1,053 ग्राम उच्च शुद्धता वाली हेरोइन बरामद की गई। जब्त की गई हेरोइन का अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 5 करोड़ से अधिक आंका गया है। हेरोइन के परिवहन में इस्तेमाल की गई एक कार भी कब्जे में ली गई है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार यह गिरफ्तारी एक सक्रिय अंतरराज्यीय हेरोइन आपूर्ति श्रृंखला को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण सफलता है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक बड़ी सफलता में अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने उत्तर प्रदेश के बदायूं से संचालित दो प्रमुख ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी की है। इनके नाम अनस खान और सुधीर कुमार पता चलें। इन्हें जग प्रवेश चंद्र अस्पताल, जीरो पुस्ता रोड, दिल्ली से पकड़ा गया। दोनों मोहम्मद फैज के एक सहयोगी को हेरोइन की खेप पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। अनस खान के कब्जे से 527 ग्राम और सुधीर कुमार के पास से 526 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। आगे की पूछताछ में पता चला कि बदायूं, यूपी निवासी अवनीश से हेरोइन खरीदी गई थ्ज्ञी। अनस खान नेटवर्क में मुख्य कड़ी के रूप में काम करता था, जबकि सुधीर कुमार रसद और क्षेत्र-स्तरीय वितरण में सहायता करता था।

# विजय विहार हत्या केस में दो नाबालिग समेत छह पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी जिले के विजय विहार स्थित एक पार्क में 25 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के मामले में दो नाबालिगों समेत कुल छह आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस को 29 जून की सुबह करीब पांच बजे हत्या के संबंध सूचना मिली थी। पुलिस महाराणा प्रताप पार्क में पहुंची और एक शव कब्जे में लिया। मृतक के दोनों हाथ एक सफेद गमछे से पीछे की ओर बंधे हुए थे। आरोपियों के पास से मृतक का मोबाइल और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मनीष निवासी जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी। प्रारंभिक जांच से संकेत मिला कि हत्या के पीछे संदिग्ध मकसद व्यक्तिगत संबंध से जुड़ा हो सकता है। मृतक एक लड़की के साथ रिश्ते में था। उसके शादीशुदा होने का पता चलने पर लड़की ने उससे दूरी बना ली थी। ठुकराए जाने से परेशान होकर मनीष घटना से दो दिन पहले दिल्ली पहुंचा था, लेकिन लड़की ने मिलने से इंकार कर दिया था। शव लड़की के घर से कुछ मीटर की दूरी पर मिला था, इससे संदेह पैदा हुआ कि हत्या में लड़की के जानकार या परिवार के लोग शामिल हो सकते हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम को रणनीतिक रूप से दो इकाइयों में विभाजित किया गया था। अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया और कथित आरोपियों के बारे में सुराग पाने के लिए स्थानीय मुखबिरों को भी तैनात किया गया। तकनीकी निगरानी से पता चला कि मृतक के गुम हुए मोबाइल फोन का आईएमईआई नंबर एक अलग सिम कार्ड के साथ सक्रिय था। इसके बाद छह आरोपियों को पकड़ा गया। इनमें दो नाबालिग पाये गये। चार अन्य के नाम करण उर्फ डोरेमोन, आकाश, सुमित और राहुल पता चलें। इनका लड़की से संबंध नहीं मिला। आरोपियों ने बताया कि वे अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए डकैती करना चाहते थे। उन्होंने मनीष को अकेला पाया और उसे लूटने का प्रयास किया। जब मनीष ने विरोध किया तो उन्होंने उसे दबोच लिया। उसके हाथ गमछे से बांध दिए और गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसका मोबाइल फोन और बैग लेकर भाग गए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अब्दुल सलाम, पुत्र:** श्री अकबर अली, **पता:** ए–12/220, गली नं. 12, प्रथम तल, राजवीर कॉलोनी, घड़ोली, दिल्ली, मंडावली, फैज्जलपुर, पूर्वी दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 25/2022, थाना: मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल सलाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल सलाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 25/2022, थाना: मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अब्दुल सलाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8630/ED/2025
(Court Matter)

किशोर समेत पांच दबोचे

## जन्मदिन मनाने के लिए पैदल यात्री से की थी लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दोस्त को जन्मदिन पर देना चाहते थे गिफ्ट

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में एक शख्स के साथ लूटपाट करने वाले एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। इन्होंने जन्मदिन मनाने और दोस्त को गिफ्ट देने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। पकड़े गये आरोपियों के नाम देव उर्फ दीपक (28), प्रिंस कुमार (18), मानव (19), दीपक (18) है। एक आरोपी नाबालिग है, जिसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

पुलिस के अनुसार पांच जुलाई की देर रात सी.वी. रमन मार्ग पर रॉयस होटल के पास हुई लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता शंकर राय ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11:30 बजे कुछ युवकों ने उस पर हमला किया और उसका मोबाइल फोन और थैला छीनकर भाग गए। इस संबंध में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में मामला दर्ज किया गया था। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों की पहचान की गई, जिससे चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हुई। इसके बाद सभी आरोपी पकड़े गये। इनमें से किसी के पास आय का कोई स्थायी स्त्रोत नहीं था और वे लूट को जल्दी से जल्दी धन इकट्ठा करने का एक आसान तरीका मान रहे थे। पकड़े गये दीपक का जन्मदिन मनाने और गिफ्ट देने के लिये इस वारदात को अंजाम दिया था।

तीन साल से था फरार, स्पेशल सेल की कार्रवाई

## अंतर्राज्यीय हथियार सप्लायर सोनू मुंबई से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कई सालों से पुलिस के साथ आंख मिचौली कर रहा हथियार तस्कर आखिरकार स्पेशल सेल ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। सोनू उर्फ शीनू नामक यह हथियार तस्कर बवानिया गैंग को भी हथियारों की सप्लाई करता था। इसके दो साथियों की तलाश में पुलिस जुटी है। इसे कोर्ट द्वारा भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था।

पुलिस के अनुसार सोनू ने 2022 में नीरज बवानिया गिरोह के लिए अवैध हथियारों की सप्लाई की थी। मुंबई से गिरफ्तारी के बाद उसे बोरीवली कोर्ट में पेश किया गया। अब दिल्ली पुलिस उसे मुंबई से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दिल्ली आएगी। हरियाणा के पानीपत का रहने वाला सोनू 10वीं तक पढ़ा है। वह गलत संगत में पड़कर नीरज बवाना गैंग से जुड़ गया था। 2022 में उसने गैंग के लिए अवैध हथियारों की सप्लाई की थी। उसी साल साथी सचिन को पुलिस ने चार कट्टे, दो मैगजीन, 79 कारतूस और पांच बैरल क्लीनिंग रॉड के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में सोनू फरार हो गया था और मुंबई जाकर नाम बदलकर ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। इसके दो साथी अरविंद और दीपक अभी भी फरार हैं। इनके विदेश में छिपे होने की प्रबल संभावना है। सोनू पर शराब तस्करी का भी एक मामला उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्ज था।

केएन काटजू मार्ग इलाके में की थी ताबड़तोड़ फायरिंग

## फायरिंग केस में गोगी गैंग के तीन बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दो सेमी–ऑटोमैटिक पिस्तौल, छह कारतूस और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद

स्पेशल सेल ने केएनकाटजू मार्ग इलाके में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में गोगी गैंग के तीन बदमाशों को दबोचा है। इनमें एक नाबालिग है। आरोपियों के पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, छह कारतूस और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई हैं। पूछताछ में इन्होंने रोहिणी सेक्टर-16 में फायरिंग की बात कबूली है।

स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज टीम को सूचना मिली थी कि उमेश शर्मा अवैध हथियार के साथ टिकरी खुर्द इलाके में आने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाया और उमेश शर्मा को एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल व चार कारतूस के साथ दबोच लिया। साथ ही वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में उमेश ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी चिराग उर्फ काला, सनी और एक किशोर के साथ मिलकर 9 जून 2025 को रोहिणी सेक्टर-16 में घर के बाहर खड़ी गाड़ियों पर फायरिंग की थी। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने नरेला के कलाम चौक इलाके से सनी उर्फ सुनील को गिरफ्तार किया। उसके पास से भी एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए। वारदात में इस्तेमाल दूसरी बाइक भी बरामद कर ली गई। उमेश शर्मा हरियाणा के भोंडसी का रहने वाला है। उसके खिलाफ पहले भी भोंडसी और गुरुग्राम में कई केस दर्ज हैं। वहीं, सनी उर्फ सुनील दिल्ली के बांकनेर, नरेला का निवासी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज सिंह, पुत्र:** श्री रामपाल सिंह, **पता:** मकान नं. 49, गली नंबर – 9, चंचल पार्क, नांगलोई, दिल्ली; अन्य पता: कच्ची कॉलोनी, गुरदयाल विहार, सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पीछे, चंचल पार्क, नांगलोई, दिल्ली एवं **यश कुमार सिन्हा, पुत्र:** श्री आर.एस. सिन्हा, **पता:** आरजेड–13, ई–ब्लॉक, न्यू रोशनपुरा एक्सटेंशन, नजफगढ़, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 115/11, U/s 406/420/465/468/471/120B/34 IPC, थाना: दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज सिंह** एवं **यश कुमार सिन्हा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज सिंह** एवं **यश कुमार सिन्हा** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 115/11, U/s 406/420/465/468/471/120B/34 IPC, थाना: दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज सिंह** एवं **यश कुमार सिन्हा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (केंद्रीय) – 05
कमरा नं. 241, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6762/CD/2025
(Court Matter)

### मानसून के बाद दिल्ली में पहली मध्यम बारिश हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मानसून अपने तय समय से दो दिन की देरी के साथ 29 जून 2025 को आया था। लेकिन मानसून आने के बावजूद राजधानी अच्छी बारिश की बाट जोह रही थी। इस कमी को रविवार व सोमवार की देर रात के बाद दिल्ली में बारिश हुई जो सुबह भी रह रहकर आती रही। बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव होने से यातायात जाम के हालात बने जिससे परेशानी भी हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह 8:30 बजे तक पिछले 24 घंटे में दिल्ली में 11.5 मिमी बारिश दर्ज हुई, जो मानसून के बाद होने वाली सबसे अधिक बारिश है। अगर स्थानीय बारिश की बात करे तो सबसे ज्यादा बारिश 95.0 मिमी नजफगढ़ में दर्ज हुई। दूसरे नंबर पर सबसे अधिक बारिश पालम में 20.8 मिमी और लोदी रोड में 13.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। इनके अलावा आया नगर में 10 मिमी, राजघाट 5.8 मिमी, पूसा में 5 मिमी और रिज एरिया में 4.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं निजी मौसम विज्ञान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद जैसा कि पूर्वानुमान था दिल्ली में आखिरकार मानसूनी बारिश शुरू हो गई।

### अमित शाह को दी विधानसभा में हो रहे परिवर्तनकारी प्रयासों की जानकारी : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को दिल्ली विधान सभा में चल रहे कई ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी प्रयासों की जानकारी दी। गुप्ता ने विधान सभा को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों की जानकारी दी, जो नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के अंतर्गत किए जा रहे हैं। इस कागज़ रहित प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा, कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, और सदस्यों के बीच संवाद अधिक सुगम बनेगा। इसके अतिरिक्त, गुप्ता ने विधानसभा परिसर को सौर ऊर्जा से पूर्णतः संचालित करने की योजना के बारे में भी बताया। 500 किलोवाट की सोलर पावर परियोजना के माध्यम से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा रहा है,जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह कदम पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की दिशा में विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गुप्ता ने माननीय केंद्र गृह मंत्री को दिल्ली विधानसभा को एक सांस्कृतिक विरासत स्थल के रूप में विकसित करने के बारे में भी बताया। यह पहल न केवल राजधानी की समृद्ध विधायी परंपरा को संरक्षित करेगी, बल्कि आधुनिक परिसर बनाने के साथ–साथ इसे जनभागीदारी, नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक संवाद के एक जीवंत केंद्र के रूप में रूपांतरित करेगी।

## अमरोहा में पकड़ी नकली मुद्रा बनाने की फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 44 हजार पांच सौ मूल्य की जाली मुद्रा, प्रिंटर आदि सामान बरामद

स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज टीम ने जाली मुद्रा तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के दो सदस्यों अदनान और दानिश को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 100-100 रुपये के कुल 44,500 मूल्य के नोट बरामद हुये। नकली नोट छापने की यह फैक्ट्री अमरोहा, यूपी में संचालित थी।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार स्पेशल सेल को अन्य संगठित अपराधों के अलावा जाली मुद्रा के प्रचलन पर अंकुश लगाने तथा इस संबंध में सूचना एकत्र करने के लिए स्त्रोतों को विकसित करने का कार्य सौंपा गया था। पता चला था कि दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 100 रुपये के जाली नोट काफी प्रचलन में आ चुके हैं। इस सूचना को विकसित किया गया तथा पाया गया कि अमरोहा के कुछ व्यक्ति जाली नोटों को छापकर प्रसारित कर रहे हैं। इसके बाद की कार्रवाई में दो लोगों को पकड़ा गया। आरोपी छोटे नोटों में नकली नोट छापते थे, क्योंकि उनकी जांच कम होती है और बाजार में उनका प्रचलन आसान होता है। आरोपी पिछले 4/5 महीनों से इन जाली नोटों को छाप रहे हैं।

### कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में तीन लाख की लूट

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के केशवपुरम इलाके में एक कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में लूट का मामला सामने आया है। बाइक सवार बदमाश हथियार के बल पर ढाई से तीन लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों का सुराग हाथ लग सकें। जिले के व्यापारी आए दिन जिले में हो रही लूटपाट और हत्या की वारदातों से चिंतित है। पुलिस के अनुसार थाना केशव पुरम में मकान नंबर 3443, हंसपुरी रोड, त्रिनगर में लूट के बारे में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक गोदाम में घुसे। पिस्तौल और चाकू लहराते हुये कैश काउंटर से लगभग 2.5-3 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 247 दिनांक 01.07.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- वंश।
पिता का नाम धर्मदास।
पता - गाँव जोली सोनीपत।
उम्र-17 वर्ष
कद-5'3' फुट।
हुलिया- रंग गेहुँआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, पतला शरीर हैं।
पहनावा- सफेद रंग की शर्ट काले रंग की लोवर पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01-07-2025 को वंश पुत्र धर्मदास वासी गाँव जोली सोनीपत हरियाणा जो बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया हैं। जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना - 7419410545
अनुसंधान कर्ता मो. नं.-9466844568
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3606/2026/36303/88/7 दि. 07.07.25

केजरीवाल से पूछा, किसकी जेब में जाती थी यह राशि

# पेंशन के नाम पर 200 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ वार्षिक घोटाला : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की असहाय महिलाओं के पेंशन संबंधी मामले में साफ दिख रहा है कि 60 हजार से अधिक फर्जी असहाय महिलाओं के नाम पर लगभग 200 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक घोटाला हुआ है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पूर्व सरकार को लेकर यह बाते कही। उन्होंने कहा है कि दिल्ली वाले चाहते हैं कि केजरीवाल बतायें कि यह लगभग 200 करोड़ रूपए हर माह किसकी जेब में जाते थे, मंत्रियों, विधायकों, कार्यकर्ताओं, अधिकारियों या फिर आम आदमी पार्टी के चुनाव चंदे में ? सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के शासन में दिल्ली सरकार की असहाय महिलाओं की स्कीम की आड़ में भारी घोटाला हुआ और दिल्ली वाले वर्तमान रेखा गुप्ता सरकार से चाहते हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाये। सचदेवा ने बताया कि मीडिया कर्मियों से मिली जानकारी अनुसार जांच में पाया गया कि 60 हजार 573 मामलों में जांच अधिकारी को पंजीकृत महिला के दिए पते पर ना वह मिलीं ना उनके वहां रहने का कोई प्रमाण मिला। अनेक मामलों में तो पते भी फर्जी मिले।

सचदेवा ने कहा है कि सोमवार को कुछ मीडिया कर्मियों के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार 1 लाख रूपए वार्षिक से कम आये वाली महिलाओं या पूर्णता असहाय महिलाओं को 2010 के एक आदेश अनुसार विशेष 2500 रुपए की मासिक पेंशन देती है। गत वर्ष दिल्ली भाजपा के कुछ विधायकों एवं कुछ समाचार पत्रों ने असहाय महिला पेंशन के वितरण में हेरफेर का संदेह प्रकट करते हुए सवाल उठाए और जांच की मांग की। दिल्ली भाजपा ने इस संदर्भ में "आप" कार्यालय पर प्रदर्शन भी किये थे।

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि उचित स्वीकृति के बाद अक्टूबर 2024 में जांच शुरू हुई पर फरवरी तक तत्कालीन सरकार ने उसे आगे नहीं बढ़ने दिया पर अब हमें पत्रकारों से मालूम हुआ है कि जांच पूरी हुई है और एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आया है।

### भाजपा के इशारे पर झुग्गी झोपड़ी वालों के वोट काटना चाहता है चुनाव आयोग: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के इशारे पर कार्य कर रही है। इस मामले पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन करने का नया प्रोसेस चालू करके दिल्ली के लोगों में भी डर पैदा करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह ऐसे समय करने की तैयारी है जिस समय बिहार में स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन के बाद भारी विवाद चल रहा है, और भाजपा जवाबदेही से बच रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन की कट ऑफ मार्च 2008 को नोटिफाई किस आधार पर किया है, क्या मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास इसका कोई जवाब है। यादव ने पूछा कि क्या भाजपा दिल्ली में झुग्गी झौपड़ी और रेहड़ी पटरीवालों को उजाड़ कर बर्बाद करने के बाद प्रवासी राज्यों से आकर अपना आशियाना बसाने वाले लोगों को दिल्ली से खदेड़ने की तैयारी कर रही है। क्योंकि मार्च 2008 की कट ऑफ का मतलब रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की लगभग आधी आबादी पर प्रहार करना चाहती है। क्योंकि जनवरी 2008 में दिल्ली की जनसंख्या 1.64 करोड़ थी जबकि आज दिल्ली की आबादी लगभग 3.59 करोड़ है। यादव ने कहा कि अभी तक वोट बनाने के लिए नियम है कि आवेदक पिछले 6 महीने से उक्त पते पर रहता हो, जिसका वोट बनाना चाहता है। रेन बसैरों में रहने वाले भीख मांग कर गुजारा करने वालों के वोट इस प्रक्रिया के तहत बनते थे। उन्होंने सवाल उठाया कि नई प्रक्रिया में इस प्रकार के मतदाताओं का क्या होगा, मैं पूछना चाहता हुं कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने नए मतदाताओं के लिए मतदाता कार्ड से आधार कार्ड को जोड़ना अनिवार्य किया है। तो फिर इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद आधार को पहचान के प्रूफ क्यों नही माना जा रहा है।

**निविदा**

**सार्वजनिक सूचना**

खेल विभाग हरियाणा द्वारा जिला कुरुक्षेत्र में साईकलिंग (लड़के व लड़कियाँ), जूडो (लड़के व लड़किया), हॉकी (लड़के) खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 11.07.2025 से 13.07.2025 तक जिला कुरूक्षेत्र में भिन्न-भिन्न स्थानों पर करवाया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 1000 खिलाडियों द्वारा भाग लिया जायेगा। इन खिलाड़ियों को दिनांक 10.07.2025 को रात्रि भोजन, दिनांक 11.07.2025 व 12.07.2025 को सुबह, दोपहर व रात्रि भोजन व दिनांक 13.07.2025 को सुबह व दोपहर का भोजन 400/- रू. प्रतिदिन की दर से उपलब्ध करवाया जाना है। भोजन मैस आयोजन स्थल व ठहराव स्थल पर स्थापित की जायेगी।

अतः इच्छुक ठेकेदार/फर्मे अपनी-अपनी निविदा (मैन्यु सहित) दिनांक 09.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरूक्षेत्र में बन्द लिफाफे में जमा करवाये। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.07.2025 को सायः 4:00 बजे खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते मौका पर बताई जायेगी। सफल निविदाकर्ता को 50000/- रू. की राशि बतौर सिक्योरिटी डिमांड ड्राफट / नकद जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर -70159-75496 पर सम्पर्क करें।

हस्ता/-मनोज कुमार
जिला खेल अधिकारी
कुरूक्षेत्र।

पीआरडीएच-1107/11/35/2026/36318/88/7 दि. 07.07.25

## दिल्ली सरकार ने की रेस्को मॉडल के तहत रूफटॉप सोलर लगाने की शुरुआत

# बिना अग्रिम राशि दिए घरों की छतों पर लगवा सकते हैं सोलर सिस्टम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के नागरिक बिना किसी अग्रिम लागत के अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को रेस्को/यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल के तहत पूरी दिल्ली में रूफटॉप सोलर लगाने की व्यापक शुरुआत करते हुए कही। इस योजना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राजधानी बनाना है। रेस्को मॉडल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिल्ली के नागरिकों को बिना किसी अग्रिम लागत के सौर ऊर्जा का लाभ मिले। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के विज़न की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री के अनुसार रेस्को (रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी) मॉडल के तहत अब दिल्ली के निवासी अपने घरों या संस्थानों पर बिना किसी पूंजी निवेश के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं। उपभोक्ता को केवल अपनी छत उपलब्ध करानी होगी, जहां सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इंस्टॉलेशन का कार्य उन डिवेलपर्स द्वारा किया जाएगा, जिन्हें संबंधित डिस्कॉम (बिजली कंपनी) नियुक्त करेगी। इन डिवेलपर्स को डीईआरसी की स्वीकृत पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त कियाजाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि उपभोक्ताओं को कोई धनराशि खर्च नहीं करनी होगी। पैदा होने वाली सौर ऊर्जा की बिलिंग कम दर पर होगी और इसे मौजूदा बिजली बिल में एकीकृत किया जाएगा। यह सुविधा घरेलू एवं गैर-घरेलू दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को संबंधित डिस्कॉम्स के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सौर ऊर्जा की आपूर्ति डीईआरसी द्वारा जारी मौजूदा सप्लाई कोड विनियमों के अंतर्गत संचालित होगी, जिससे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहेंगे।

### तीन किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर 30 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी

सीएम के अनुसार हमारी सरकार की कैबिनेट द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना पर 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी (10 हजार रुपये प्रति किलोवाट) पहले ही मंजूर की जा चुकी है, जिससे कुल उपलब्ध सब्सिडी एक लाख आठ हजार रुपये हो गई है, जो अब तक की किसी भी योजना के तहत सबसे अधिक है।

### क्या है रेस्को/यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल

(रेस्को/यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल एक वित्तीय व्यवस्था है जो उपभोक्ताओं को बिना किसी पूर्व निवेश के सौर ऊर्जा का उपयोग करने की अनुमति देती है। रेस्को कंपनी, उपभोक्ता की संपत्ति पर सौर पैनल स्थापित करती है और उसका प्रबंधन करती है। उपभोक्ता केवल उपयोग की गई बिजली के लिए भुगतान करता है। विशेष बात यह है कि इस मॉडल में उपभोक्ता को सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के लिए कोई अग्रिम निवेश नहीं करना पड़ता है। यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन एक मॉडल है जिसमें बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) घरों की छतों पर सौर ऊर्जा सिस्टम स्थापित करती हैं। यह पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत एक विकल्प है, जहां उपभोक्ता को कोई अग्रिम लागत नहीं देनी होती है और वे केवल खपत की गई बिजली के लिए भुगतान करते हैं।

## प्रगति मैदान : अंडरपास का निर्माण कार्य मानसून के बाद होगा शुरू : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रगति मैदान इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर के अंतिम अधूरे अंडरपास का निर्माण कार्य केंद्र सरकार से अनुमोदन मिलते ही मानसून के बाद शुरू कर दिया जाएगा। इस बात की जानकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को दौरे के दौरान दी। उन्होंने कहा कि यह अंडरपास, भैरो मार्ग से रिंग रोड को जोड़ने वाला अंडरपास-5, कॉरिडोर की आखिरी कड़ी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हमने सभी तकनीकी मूल्यांकन पूरे कर लिए हैं और केंद्र को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। जैसे ही स्वीकृति मिलती है, हम मानसून के तुरंत बाद काम शुरू कर देंगे। यह अंडरपास प्रगति मैदान क्षेत्र में ट्रैफिक की भीड़ को कम करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और हम इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि अधूरे पड़े अंडरपास का निर्माण होने के बाद यह कॉरिडोर पूरा हो जाएगा। मंत्री प्रवेश ने कहा कि इस प्रगति मैदान इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2022 में किया गया था, का उद्देश्य रिंग रोड, मथुरा रोड और भैरो मार्ग जैसे व्यस्त मार्गों से ट्रैफिक का दबाव कम करना और प्रगति मैदान परिसर तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करना था। इस कॉरिडोर में एक मुख्य सुरंग और छह अंडरपास शामिल हैं, जिनमें से पाँच पहले ही जनता के लिए खोले जा चुके हैं। केवल अंडरपास-5 का कार्य बाकी है, जिसकी कुल लंबाई 110 मीटर है, जिसमें से केवल 28 मीटर कार्य शेष है। यह अंडरपास दो खंडों में विभाजित है। एक दो लेने वाला बॉक्स (निर्माण पूर्ण), जो आईटीओ/रिंग रोड से भैरो मार्ग की ओर जाने वाले वाहनों के लिए है और एक तीन लेन वाला बॉक्स (अब दो लेन में परिवर्तित), जो भैरो मार्ग से रिंग रोड की ओर जाने वाली दिशा में होगा।

### सीएम रेखा ने अवैध रेत खनन पर रोक की मांग को लेकर योगी आदित्यनाथ को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे यमुना क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस अवैध खनन के चलते यमुना के तटबंध कमजोर हो रहे हैं, जिससे बाढ़ का खतरा भी पैदा होता है। इस गंभीर मसले पर मुख्यमंत्री ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की चिंताओं से भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। यमुना के अवैध खनन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यमुना नदी में हो रहे अवैध खनन की विस्तार से जानकारी दी है। सीएम रेखा का यह भी कहना है कि यह अवैध खनन गंभीर पारिस्थितिक क्षति का कारण भी बन रहा है, जो भविष्य में यमुना के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। इसके साथ-साथ यमुना के किनारे रहने वाली आबादी भी इस बदलाव से प्रभावित होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह अंतरराज्यीय प्रकृति का मुद्दा है, इसलिए इस अवैध रेत खनन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सरकारों के बीच एक समन्वित और संयुक्त प्रर्वतन तंत्र की आवश्यकता है।

### विभागीय समन्वय, निजी क्षेत्र एवं जन सहयोग से बनाएंगे नशा मुक्त दिल्ली : रविंद्र इंद्राज

**नई दिल्ली।** नशा मुक्त दिल्ली का सपना तभी साकार होगा जब सभी विभाग, संस्थान और समाज आपसी समन्वय बनाकर इस दिशा में प्रयास करेंगे। यह विचार सोमवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मध्य दिल्ली जिले में नशा मुक्ति अभियान की प्रगति और रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। बैठक में डीएम, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं इस क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में समाज कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मध्य दिल्ली के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएं। स्कूलों, कॉलेजों और शेल्टर होम्स में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने पुलिस, समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पुनर्वास सेवाओं पर जोर देने के लिए कहा ताकि नशे की गिरफ्त से बाहर आने वाले नशे से दूर रहें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि नशा पीड़ितों की काउंसलिंग, इलाज और पुनर्वास के लिए निजी संगठनों के अनुभव और संसाधनों का भी प्रभावी उपयोग किया जाए।

### 'गैप फिलिंग' अभियान से हर कोना किया जाएगा हरा-भरा : चहल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पूरे नई दिल्ली क्षेत्र में एक बड़ा वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को पालिका केंद्र में आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'गैप फिलिंग' अभियान से हर कोना हरा-भरा किया जाएगा। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने इस साल खास 'गैप फिलिंग' अभियान शुरू किया है, ताकि सड़कों, चौराहों और गोल चक्करों के किनारे लगातार हरियाली बनी रहे। इस बार करीब 80 सड़कों को कवर किया जाएगा, जबकि पहले सिर्फ 2-4 सड़कों तक सीमित था। यह अभियान 1 जुलाई से शुरू हुआ है और एनडीएमसी का बागवानी विभाग इसकी निगरानी कर रहा है। इसका मकसद खाली और सूखे हिस्सों को भरना और पीएम 10, पीएम 2.5 और पीएम 1 जैसे प्रदूषण को कम करना है।

### कांग्रेस करेगी कार्यकर्ताओं को तैयार : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को इस प्रकार से तैयार कर रही है जिससे की वो भाजपा की विभाजनकारी नीतियों से लड़ने में सक्षम हो जाए। इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के विजन के तहत संगठित करके भाजपा के विभाजनकारी, खतरनाक एजेंडे को उजागर करने के लिए तैयार करना है। यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी में प्रशिक्षण शिविर संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को नए दिशा निर्देश देने के लिए आयोजित किए जा रहे है। ताकि विभिन्न मुद्दों पर स्पष्ट रुख रखकर पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों को प्रचारित करके संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ बनाई जा सके।

### पार्किंग माफिया पर लगाम लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार से मांग की है कि दिल्ली में बेलगाम होते पार्किंग माफिया पर लगाम लगाई जाये। आईवीपी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि लगातार शिकायतें आ रही हैं कि पार्किंग ठेकेदार कुछ निगम अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके दिल्ली वालों से कई गुना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं। एमसीडी ने चार पहिया वाहनों के लिए 20 रुपये प्रति घंटा एवं दो पहिया वाहनों के लिए 10 रूपये प्रति घंटा की दर से पार्किंग शुल्क तय किया है। परंतु पार्किंग ठेकेदार लोगों से गाड़ियों की एंट्री के समय ही 100 से 200 रूपये वसूल लेते हैं।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने युवती को कुचला, मौत



**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन से कुचले जाने पर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, यूपी के रायबरेली निवासी सजनी कुमारी (20 वर्ष) अपने परिवार के साथ अलियर गांव में किराए पर रहती थी। यहां आईएमटी मानेसर के पास ही एक वेयरहाउस में नौकरी करती थी।

### डंपर ने बाइक सवार किशोर को कुचला, मौत



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़-फतेहपुर बिल्लौच रोड साहूपुरा और सुनपेड़ के बीच एक डंपर ने बाइक सवार किशोर को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह सुनपेड़ गांव का रहने वाला 17 वर्षीय धीरज अपने पिता के साथ बाइक पर ढाबा खोलने के लिए जा रहा था। साहूपुरा की तरफ से आ रहे डंपर ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पिता दूर जाकर गिरे और डंपर ने बेटा को कुचल दिया।

### किशोरी से रेप करने वाले को 20 साल कारावास




**गुरुग्राम।** किशोरी से रेप करने के मामले में सुनवाई करते हुए एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज जैस्मिन की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उस पर जुर्माना भी लगाया है। जानकारी के मुताबिक, 10 अगस्त 2022 को भोंडसी थाना पुलिस को 16 वर्षीय किशोरी से रेप करने के मामले में शिकायत मिली थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मारुति कुंज के रहने भरत पटेल को काबू कर अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था।

### संत निरंकारी मिशन ने लगाया शिविर, 219 निरंकारी श्रद्धालुओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान



**फरीदाबाद।** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच फरीदाबाद में सेक्टर-16ए स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। शिविर में 219 निरंकारी श्रद्धालु भक्तों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से आरंभ होकर दोपहर 1.30 बजे तक चला जिसमे रक्त संग्रहित करने के लिए बीके अस्पताल तथा दिल्ली के रेडक्रॉस से डॉक्टरों की एक टीम उपस्थित रही।

### पांचाल ब्राह्मण महासभा ने हवन-यज्ञ किया



**फरीदाबाद।** पांचाल ब्राह्मण महासभा समिति ने हवन-यज्ञ व एक मीटिंग का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर जवाहर कालोनी फरीदाबाद में किया। हवन-यज्ञ कार्यक्रम में यजमान के तौर पर पधारे ललित वत्स व उनकी धर्मपत्नी सुमन वत्स ने यज्ञ में आहुति दी। मीटिंग में दो माह का लेखा-जोखा, मंदिर में होने वाले निर्माण कार्य व दयनीय हालात से गुजर रहे एक गरीब परिवार की सहायता को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

# लाड़ली वृक्षारोपण के तहत बेटी बचाओ अभियान टीम ने दयानंद पब्लिक स्कूल में पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बेटी बचाओ अभियान की टीम ने सोमवार को लाड़ली वृक्षारोपण के तहत चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद के संयोजन व राखी वर्मा के आयोजन में दयानंद पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 में पौधे लगाए। सबसे पहले स्कूल की प्रधानाचार्या रीटा जग्गी ने बेटी बचाओ अभियान की टीम का स्वागत किया तथा स्कूल की नन्ही छात्राओं ने तिलक लगाकर सबका स्वागत किया। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चंद्र आज़ाद ने कहा कि इस बार लाडली वृक्षारोपण की थीम एक पेड़ लाडो के नाम पर पौधे लगाए जाएंगे तथा स्कूल में भी बेटियों से लाडली वृक्षारोपण का शुभारंभ किया तथा उन्होंने सबको यह संदेश दिया कि इस बार सभी देशवासियों से अपील है कि कम से कम एक पौधा अपनी लाडो से जरूर लगवाएं।

**खास बातें**

- लाड़ली वृक्षारोपण का शुभारंभ किया
- स्कूल की नन्ही छात्राओं ने तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया
- सभी देशवासियों से अपील है कि एक पौधा लाडो से जरूर लगवाएं



**इस वर्ष की थीम एक पेड़ लाडो के नाम**

### बेटियों की तरह पौधों के बिना संसार नहीं

चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि जिस तरह से आज तेज बारिश में हमारी टीम की महिलाशक्ति ने जोश दिखाया वह काबिले तारीफ था। उन्होंने स्कूल की प्रधानाचार्या का भी धन्यवाद किया और बेटियों को यह संदेश दिया कि वह इन पौधों की देखभाल रोजाना करेंगी।

महिला विंग की चेयरमैन शीतल लूथरा ने कहा कि जिस तरह बेटियों के बिना संसार की रचना नहीं हो सकती उसी तरह पौधों के बिना भी संसार नहीं चल सकता। इस मौके पर राखी वर्मा, रेखा पवार, प्रधानाचार्या रीटा जग्गी, शीतल लूथरा, वासुदव अरोड़ा, हरीश चन्द्र आज़ाद, चित्रा विग, अध्यापिकायें पूनम, शिप्रा, प्रिती, राजश्री, पुलकित, प्रियंका भाटिया, रेनू, राजदीप व प्रियंका मेहरा तथा छात्र.छात्रायें सविता, वंशिका, अशिता, लक्ष्य, तुषार, वेदांश, सलोनल, हितेश, शिवा, राजेन्द्र, सागर, अशीश, मयंक व अंशुल आदि ने पौधे लगाए।

## मंत्री नागर ने कहा- विकास की नई उड़ान भर रहा है फरीदाबाद

# स्वच्छता सरकार व समाज की साझा जिम्मेदारीः मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

▶▶ स्वच्छता का संदेश, जैसे घर, वैसे शहर भी रखें स्वच्छ: मेयर प्रवीण जोशी, सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नागरिकों को जागरूक करने के लिए सोमवार को सेक्टर 15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर और महापौर प्रवीण जोशी उपस्थित रही।



### कार्यक्रम की शुरुआत 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' की शपथ के साथ की

हरियाणा सरकार के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वच्छता को लेकर देश में चल रहे प्रयासों ने आज एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। एक समय था जब स्वच्छता पर सार्वजनिक मंचों से चर्चा नहीं होती थी, लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता का आह्वान कर पूरे देश को एक नई दिशा दी। आज, वर्ष 2025 में यही आह्वान स्वच्छ भारत अभियान का आधार बन चुका है और यह आंदोलन केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सामाजिक संकल्प बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत देश और प्रदेश भर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह अभियान प्रदेश के कोने-कोने में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का यह स्पष्ट मत है कि जब तक हर व्यक्ति अपने घर, गली, मोहल्ले और आसपास की सफाई को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं मानेगा, तब तक स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का सपना अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब हम अपने घर को साफ रखते हैं, तो उसी भावना से अपने आस-पड़ोस को भी स्वच्छ रखना चाहिए। तभी हमारा प्रदेश और देश स्वस्थ और सशक्त बन पाएगा। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने नागरिकों से स्वच्छता के प्रति सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम 100 घंटे और प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे का श्रमदान स्वेच्छा से करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर व कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में स्वच्छता का संकल्प ले ले तो पूरे शहर की तस्वीर बदल सकती है।

### मेयर जोशी ने स्वच्छता का दिया संदेश

मेयर प्रवीण जोशी ने इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि जैसे हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं कि उसमें गंदगी न आए, उसी प्रकार हमें अपने शहर को भी स्वच्छ रखना है। इस बात पर बल दिया गया कि सफाई केवल सरकारी तंत्र की नहीं बल्कि समाज के हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जिससे हम बीमारियों से बच सकते हैं और एक स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक यह संकल्प ले कि जैसे अपने घर को साफ रखते हैं वैसे ही सार्वजनिक स्थलों की सफाई में भी योगदान देंगे, तो स्वच्छ भारत का सपना जल्दी साकार हो सकता है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में हरियाणा सरकार के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर और महापौर प्रवीण जोशी ने सफाई कर्मियों को पीपीई किट वितरित की और साथ ही स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राजेश नागर, महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, शहरी स्थानीय निकाय के आयुक्त.सचिव विकास गुप्ता, निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ विजयपाल यादव, स्वास्थ्य अधिकारी निगम डॉ नीतीश परवाल सहित पार्षदगण रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य, विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाएं और एनजीओ और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## निहाल सिंह बाजवा बने टॉपर

# आईबीडीपी में स्कॉटिश स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अंतर्राष्ट्रीय बैकालॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम (आईबीडीपी) 2024-25 के परिणामों में स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल, गुरुग्राम के विद्यार्थियों ने प्रशंसनीय सफलता हासिल की है। स्कूल के निहाल सिंह बाजवा ने कुल 45 में से 44 ग्रेड अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

वहीं शिउली वर्मा और सयन नारंग ने 45 में से 43 ग्रेड अंक प्राप्त किए। इसके अलावा प्रख्यात सिंहा और हिरण्या खत्री ने 42 ग्रेड अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कमांडर कार्तिकेय सैनी और विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा, जिज्ञासा और प्रतिबद्धता का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत और सीखने के प्रति समर्पण को दर्शाता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में गांव बयासपुर (बिलासपुर) में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण। | 05.07.2025 11.07.2025 | 33.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में लघु सचिवालय फेज-I और फेज-II में फायर अलार्म सिस्टम और पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रावधान। | 04.07.2025 14.07.2025 | 70.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | लघु सचिवालय रोहतक में मौजूदा डक्टेबल यूनिट्स को बदलना (इनडोर/आउटडोर), विभिन्न कमरों के लिए नये स्पलिट एसी का प्रावधान (लघु सचिवालय फेज-III हेतु अतिरिक्त एसीएस का प्रावधान)। | 04.07.2025 11.07.2025 | 4.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में राजकीय आईटीआई कलानौर में 250 केवीए सब स्टेशन का प्रावधान + 2 कार्य। | 03.07.2025 11.07.2025 | 26.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 7 में हिसार जिले में सातरोड खुर्द से लाडवा रोड आरडी 0.000 से 5.410 (रोड आईडी 4856) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 996.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 6) में हिसार जिले में 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) सातरोड कलां से लाडवा रोड आरडी 0.00 से 3.500 (रोड आईडी 4852) (II) हिसार तोशाम से लाडवा रोड आरडी 0.00 से 3.300 (रोड आईडी 4859)। | बंद होने की तिथि 12.07.2025 | 338.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 4) में हिसार जिले में 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। (I) हिसार मिर्जापुर नियाना रोड आरडी 0.680 से 1.500 और 7.130 से 11.200 (रोड आईडी 4845) (II) मिर्जापुर से सुलखानी रोड आरडी 0.350 से 5.210 (रोड आईडी 12105)। | बंद होने की तिथि 12.07.2025 | 447.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीएच) का निर्माण + 1 कार्य। | 04.07.2025 10.07.2025 | 59.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में पुराना एमएस रोड झुंडपुर से नांगल कलां वाया जाखोली, पटला रोड तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, आईडी 6044 आरडी 0 से 7000 एमटीआर (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 04.07.2025 18.07.2025 | 670.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प सोनीपत | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में रोड आईडी 6002, 11605, 6008, 6004 वाले 5 अदद रोड का मजबूतीकरण और बडमलिक एप रोड आईडी 6012 पर सीसीपी + 1 कार्य। | 04.07.2025 16.07.2025 | 850.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में सिविल हॉस्पीटल में मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बिल्डिंग का निर्माण (2 अदद 20 पैसेंजर और 2 अदद डम वेटर लिफ्ट का प्रावधान)। | 03.07.2025 14.07.2025 | 86.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में (रोड आईडी 10892) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 10 अदद रोड का सुधार अर्थात कैथल जिले में अधोया मेगरान से अजीत नगर (आईडी 7062), भागल बुदनपुर रोड से डेरा मुलानपुर रोड (आईडी 7079), कैथल जिले में लिंक रोड से लांधेरी (आईडी 7035), भुसला अधोया रोड से डेरा बाजीगर (आईडी 10305), पिहोवा गुहला रोड से सिन्ही (आईडी 7021), शजादपुर से बलबेरा से पंजाब बॉर्डर तक (आईडी 7051), लांधेरी से जीवनकोट (आईडी 7054), रत्ता खेड़ा से सारकपुर (आईडी 10897), खामेरी छाना से लबाना प्लॉट (आईडी 7049), और बोपुर से पंजाब बॉर्डर तक + 5 कार्य | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 2197.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 13 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-II) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा जिले में ऐलनाबाद निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) सात अदद रोड को चौड़ा करने, मजबूतीकरण, पीसी/आईपीबी द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. किमी 0.00 से 0.60 (रोड आईडी 5867) तक केसुपुरा से ढाणी बाजीघर तक रोड पर चौड़ा करने, मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 2. तलवारा खुर्द से मौजू की ढाणी किमी 0.00 से 2.34 तक सड़क का सुधार (रोड आईडी 9633), 3. मल्लेकां से मालवानी रोड किमी 0 से 3.00 पर 20 मिमीस पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5852), 4. किमी 0.00 से 1.00 (रोड आईडी 5918) तक मौजू खेड़ा के रोड विस्तार पर 20 मिमी पी.सी. का प्रावधान, 5. किमी 0.00 से 0.91 (रोड आईडी 11578) तक सिरसा चोपटा से दरबा कलां तक चौड़ा करने/मजबूतीकरण और आईपीबी का प्रावधान, 6. किमी 0.00 से 2.45 (रोड आईडी 5843) तक जोरकियां अप्रोच रोड पर चौड़ा करने, मजबूतीकरण आईपीबीसी/पीसी का प्रावधान, 7. किमी 0.00 से 1.50 (रोड आईडी 5854) तक गुडियाखेरा से बारूवाली-II तक रोड पर मजबूतीकरण / आईपीबी का प्रावधान + 1 कार्य। | 04.07.2025 14.07.2025 | 860.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निदेशालय, ईएसआई हैल्थ केयर, हरियाणा द्वारा लैब और फार्मेसी के लिए 126 अदद लैब रेफ्रीजरेटर्स और 163 अदद एयरकंडीशनर की खरीद हेतु निविदा, 1. लैब रैफ्रीजरेटर 2. एयरकंडीशनर। | 05.07.2025 21.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव नागला जोगियां ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में लाखन कीना से कुंवरपाल तक आईपीबी सहित रास्ता की पेवमेंट, एचजीवीवाई केके + 1 कार्य। | 04.07.2025 10.07.2025 | 63.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज हिसार | घिराय, हांसी।, रामचंद्र के मकान के निकट आईपीबी चौक का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 17 कार्य। | 04.07.2025 16.07.2025 | 174.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 17 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | हांसी कस्बा :- मेन जलघर हांसी कस्बा जिला हिसार में 300 एचपी स्वच्छ जल मोटर पम्प सैट की फिटिंग, 1 अदद शेड का निर्माण। "इलैक्ट्रिकल पैनल बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन, मेन जलघर में 300 एचपी स्वच्छ जल मोटर पम्प सैट की फिटिंग हेतु 1 अदद शेड, सीआई/डीआई स्पेशल्स और इलैक्ट्रिक फिटिंग का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" | 05.07.2025 14.07.2025 | 16.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में कोहला सम्प वैल पर सम्प वैल संरचना का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2025 | 25.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैसेज की रिफिलिंग हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 07.07.2025 22.07.2025 | ईएमडी 3.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा पंचकूला | कुरूक्षेत्र, हरियाणा में इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 हेतु विभिन्न व्यवस्था सेवाओं का प्रावधान करने जैसे स्टाफ और भागीदारों इत्यादि के लिए फ्लेक्स होर्डिंग साउंड सिस्टम एकोमोडेशन कैटरिंग परिवहन भोजन व्यवस्थाओं के प्रावधान हेतु आरएफपी। | 04.07.2025 14.07.2025 | 136 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7206721900 adpr-sdit@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/400/36348/I/88/7 दि. 07.07.25



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज़, पुत्रः** शाकिर अली, **पताः** ए-694, गली नं.-14, श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास, दिल्ली-94 ने मुकदमा **FIR No. 55/19 U/s 393/34 IPC थानाः शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज़** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज़** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 55/19 U/s 393/34 IPC थानाः शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फिरोज़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नं. 3, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8758/ED/2025
(Court Matter)



## सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092, Phone: +011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

**सार्वजनिक सूचना-41वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)**

कम्पनी के सदस्यों की 41वीं एजीएम बुधवार, 06 अगस्त, 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092 में, एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज के लिये आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना ग्रीन इनिशिएटीव मेजर के भाग के रूप में उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं और शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं है, हेतु, इसकी भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में उनके पंजीकृत पते पर प्रेषित की जा रही हैं।

यदि आपका ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास पहले से ही पंजीकृत है, वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आप कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिये अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिये कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

| | |
|---|---|
| फिजिकल होल्डिंग | ई-मेल पता पंजीकरण करवाने के लिये फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन्ड प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति) प्रदान करते हुये कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट्स, मैं. एड्रॉइट कार्पोरेट सर्विसेज प्रा. लि. को info@adroitcorporate.com पर एक आग्रह भेजें। **कृपया इसको बुधवार, 30 जुलाई 2025 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।** |
| डिमैट होल्डिंग | कृपया आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा परामर्श की गई प्रक्रिया के अनुरूप अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें। **कृपया इसको बुधवार, 30 जुलाई 2025 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।** |

वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध होगी और एजीएम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजेज जिन पर कम्पनी की सिक्योरिटीज लिस्टेड हैं, की वेबसाइट्स अर्थात www.msei.in पर भी उपलब्ध होगी।

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
(डीआईएन : 07526355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 07.07.2025



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 424 दिनांक 27.06.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- राधेश्याम।
पिता का नाम - सूरजभान।
पता - गाँव रोहणा सोनीपत।
उम्र- 45 वर्ष
कद- 5'6' फुट।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा काले बाल, काली आँखें, लम्बी नाक पतला शरीर हैं।
पहनावा- नीले रंग की टी-शर्ट लाल रंग की लोवर पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27-06-2025 को राधेश्याम पुत्र सूरजभान वासी गाँव रोहणा सोनीपत हरियाणा जो बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया हैं। जो अब तक वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410536
अनुसंधान कर्ता मो.- न09034166227
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3609/2026/36327/88/7 दि. 07.07.25

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर मनीष कश्यप जन सुराज में शामिल

**पटना।** चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप ने प्रशांक किशोर की जन सुराज का दामन थाम लिया है।



सोमवार उन्होने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ली। प्रशांत किशोर ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की चाहत रखने वाले लोगों को साथ आना चाहिए। मौके पर मनीष कश्यप ने कहा कि वो भाजपा में 13 महीने रहे। इस बार का चुनाव बिहार के भाग्य का चुनाव है।

### फ्लाइट कैंसिल, एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर रविवार को यात्रियों ने हंगामा किया। दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट




कैंसिल हो जाने से यात्री उग्र हो गए। तकनीकी खराबी के कारण उड़ान को रद्द कर दिया गया। एयर पोर्ट के अफसरों के समझाने के बाद लोग शांत हुए। सौ से अधिक यात्री दिल्ली जाने वाले थे जिन्हें अपनी यात्रा रद्द करना पड़ा।उड़ान भरने के कुछ देर पहले पायलट को विमान में तकनीकी खराब की जानकारी मिली।

### उ. बिहार ग्रामीण बैंक से 11 लाख ले गए नकाबपोश

**मुजफ्फरपुर।** बदमाशों ने ग्रामीण बैंक से करीब 11 लाख लूट लिए। उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक की



गायघाट शाखा में यह घटना घटी। वारदात के समय बैंक मे चार- पांच ग्राहक थे। नकाबपोश अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर कैश काउंटर व लॉकर से 10 लाख 98 हजार रुपए लूट लिए और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

यूपी बना औद्योगिक विकास का इंजन

# यूपीसीडा ने निवेश और रोजगार में रचा नया कीर्तिमान

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने निवेश, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। 2023-24 में 1,898 करोड़ और 2024-25 में 1,937 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। 798 भूखंड आवंटित कर 700 करोड़ का निवेश और 4,800 रोजगार सृजित किए गए

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने बीते वर्षों में प्रदेश को औद्योगिक दृष्टि से नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 2023-24 में जहां यूपीसीडा ने 1,898 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, तो वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा 1,937 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यह राजस्व 2021-22 की तुलना में तीन गुना अधिक है, जो पारदर्शी नीतियों और कुशल प्रशासन की सफलता का प्रमाण है। प्रदेश सरकार के मुताबिक, बीते तीन वर्षों में 1,600 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया है, जिनमें 2024-25 में अकेले 798 भूखंड शामिल हैं। इससे करीब 700 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है और 4,800 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

### यूपीसीडा ने 42 ऑनलाइन सेवाएं की शुरू

यूपीसीडा का फोकस केवल जमीन आवंटन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अब यह नीति निर्माण और निवेश संवर्धन की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वहीं, डिजिटल इंडिया के तहत यूपीसीडा ने निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 42 ऑनलाइन सेवाएं शुरू की हैं। इनमें ई-नीलामी, ऑनलाइन भुगतान और शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिससे औद्योगिक प्रक्रियाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक सहज और पारदर्शी हुई हैं। अब तक 31,000 से अधिक आवेदनों में से 96% का समाधान हो चुका है।



### 6,190 करोड़ रुपए का बजट

यूपीसीडा ने 2025-26 के लिए 6,190 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट पारित किया है। यह बजट औद्योगिक क्षेत्रों में स्मार्ट सड़कें, जल आपूर्ति, सीवरेज, और 24x7 बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर केंद्रित है। साथ ही प्रशासनिक खर्च में 9% की कटौती कर प्राधिकरण ने वित्तीय अनुशासन का परिचय भी दिया है। 2017-18 में जहां बुनियादी ढांचे पर केवल 104 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, तो वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 415 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

# यूपी में 5,000 स्कूलों के मर्जर को हाईकोर्ट की हरी झंडी, 51 बच्चों की याचिका खारिज

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा 5,000 स्कूलों के मर्जर के फैसले को हाईकोर्ट से भी हरी झंडी मिल गई है। अदालत ने 51 बच्चों की याचिका खारिज कर दी है


*16 जून 2025 को सरकार की तरफ से जारी किया गया था यह आदेश*

*याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को भी प्रभावित करने वाला आदेश*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश में स्कूलों के मर्जर अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका को खारिज करते हुए मर्जर को हरी झंडी दे दी है। सीतापुर के 51 बच्चों ने सरकार की स्कूल मर्ज नीति के ख़िलाफ़ याचिका दी थी। सरकार के पक्ष को सही मानते हुए कोर्ट ने याचिका को ख़ारिज किया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने फैसला सुनाया। सरकार द्वारा इस आदेश को 16 जून 2025 को जारी किया गया था। इसके तहत कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को आसपास के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समायोजित किया जाना है।

### पीलीभीत के लोग भी पहुंचे कोर्ट




सीतापुर के अलावा पीलीभीत के ब्लॉक बिलसंडा के ग्राम चांदपुर निवासी सुभाष, यशपाल यादव और अत्येंद्र कुमार ने प्राइमरी स्कूलों के विलय को चुनौती दी है। सोमवार को ही लोगों ने सरकार की स्कूल पेयरिंग नीति के खिलाफ याचिका दायर की गई है। याचिका में राज्य सरकार, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा बोर्ड, प्रयागराज, क्षेत्रीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) पीलीभीत के जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी, बिलसंडा को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें बच्चों की संख्या के आधार पर प्राथमिक स्कूलों को उच्च प्राथमिक या कंपोजिट विद्यालयों में विलय करने की बात कही है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह आदेश न केवल बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करता है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को भी प्रभावित करता है। इस याचिका पर दो से तीन दिन में सुनवाई हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से लिया गया निर्णय

कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

ओवैसी के तीसरे मोर्चे के प्लान को मायावती का झटका

# बिहार में विस अकेले चुनाव लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी

एजेंसी ⏭ पटना



बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल होने की तमाम कोशिशों के नाकाम होने के बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने थर्ड फ्रंट बनाने का ऐलान किया है। तीसरे मोर्चे में कई दलों को शामिल करने की कवायद भी तेज कर दी गई है। हालांकि ओवैसी के तीसरे मोर्चे के प्लान को बीएसपी चीफ मायावती ने झटका दे दिया है। सोमवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि बिहार में उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। बसपा सभी 243 सीटों पर लड़ेगी।

### 2020 में बसपा ने ओवैसी के साथ मिलकर लड़ा था चुनाव

उल्लेखनीय है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मायावती की बसपा, उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएसपी जो अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा है, ओवैसी की एआईएमआईएम, वेंद्र प्रसाद यादव की एसजेडीडी, ओम प्रकाश राजभर की एसबीएसपी और संजय चौहान की जनवादी पार्टी ने ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेकुलर फ्रंट के तौर पर तीसरा मोर्चा बनाया था। तब मायावती की पार्टी ने ओवैसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था।ओवैसी की पार्टी ने 5 सीटें जीती थीं। वहीं बसपा एक सीट जीतने में सफल रही है।

### बिहार में 36% वोटर के गणना फॉर्म जमा

बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के ताजे आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए है। आयोग ने बताया कि 7 जुलाई शाम 6 बजे तक कुल 2,87,98,460 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जो बिहार के कुल 7.90 करोड़ नामांकित मतदाताओं का 36.47% है। बीते 24 घंटों में ही 1,18,49,252 फॉर्म एकत्र किए गए हैं। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तक 18 दिन शेष हैं। आयोग के निर्देशों के अनुसार 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में उन्हीं व्यक्तियों के नाम शामिल होंगे, जिनके गणना प्रपत्र 25 जुलाई 2025 तक प्राप्त होंगे। राज्य में वोटल लिस्ट रिवीजन का काम 24 जून 2025 से चल रहा है।

## पेज एक का शेष

### शताब्दी वर्ष में हर गांव-हर...

बैठक में संघ कार्य विस्तार, शताब्दी वर्ष योजना, विभिन्न प्रांतों में चल रहे कार्य, अनुभव व प्रयासों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही समाज जीवन के विभिन्न समसामयिक विषयों के संदर्भ में भी चर्चा हुई। बैठक में मणिपुर की वर्तमान स्थिति, स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्य और सामाजिक सद्भाव के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में भी चर्चा हुई। स्वयंसेवकों के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं, स्वयंसेवक दोनों पक्षों से बात कर रहे हैं। सीमावर्ती प्रांतों से आए कार्यकर्ताओं ने वहां कार्य की स्थिति व अनुभवों के बारे में बताया। संघ कार्यकर्ता समाज के साथ मिलकर स्थानीय लोगों को संगठित करने व उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग सुनील ने बताया कि अप्रैल से जून तक देश भर में 100 प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित 75 वर्गों में 17609 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार 40 से 60 वर्ष की आयु के लिए आयोजित 25 वर्गों में 4270 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इन प्रशिक्षण वर्गों में देश के 8812 स्थानों से स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि लालच, जबरदस्ती, मजबूरी का लाभ उठाकर, और षड्यंत्र करके कन्वर्जन करना गलत है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए।

### जटिल खनिजों-तकनीक...

मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों व एआई' रखा गया था। जिसमें पीएम ने भारत की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रशासन में चिंताओं के समाधान और नवाचार के प्रोत्साहन दोनों को एक जैसी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें मिलकर एक जिम्मेदार एआई के लिए काम करना होगा और ऐसे वैश्विक मानक बनाने होंगे जो डिजिटल कंटेंट की वास्तविकता को जांच सकें, जिससे उसका सोर्स पता चल सके और पारदर्शिता बनी रहे और गलत इस्तेमाल पर भी रोक लगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

### साझा लक्ष्यों को लेकर...

मिलकर एक ब्रिक्स साइंस एंड रिसर्च रिपोजिटरी बनाने पर विचार करें। जिसका लाभ ग्लोबल साउथ के देशों तक भी पहुंचाया जा सके।

### 15,606 करोड़ के निवेश...

मप्र की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइए और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाइए। उन्होंने कहा कि निवेशक मप्र में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार पलक-पांवड़े बिछाकर आपका स्वागत करेगी, आपकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लुधियाना प्रवास के दौरान पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक कर उन्हें मध्यप्रदेश की निवेश समर्थक नीतियों से अवगत कराया।

पंजाब के निवेशकों के लिए मप्र लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटीः एसीएस मंडलोई : सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने देश के दिल मप्र में सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज मप्र के विकास की झलक पंजाब में दिखाई दी है। पंजाब के निवेशकों के लिए मप्र लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी बन सकती है। राज्य में वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। पंजाब के जैसे ही मप्र में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं।

### अनाज के उत्पादन...

फरवरी में भोपाल में हुई जीआईएस के माध्यम से मप्र को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे।

### सीआईएसएफ ने अमेरिका...

ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि अर्ध-सैन्यबल की टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार खेल भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया। सभी की सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की है।

### हरियाणा के एथलीटों ...

सनी कुमार, सोनीपत के एचसी/जीडी अजय डागर, सोनीपत के एचसी हरीश, सोनीपत के एचसी मोहित और हिसार के एचसी अभिमन्यु शामिल हैं। एथलेटिक्स में भी हरियाणा का प्रदर्शन शानदार रहा है। जिसमें सूबे के हिसार की एल/एएसआई रीनू ने जीत हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। बताते चलें कि सीआईएसएफ निरंत फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है। विश्व पुलिस और फायर खेलों में टीम का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे बल सदस्यों की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

### केंद्र सरकार एमआईडीएच...

देने के लिए सहयोग राज्य ने चाहा है, जिस पर हमने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम) के तहत राशि देना तय किया है। चौहान ने बताया कि सेब की अति सघन बागवानी के अंतर्गत भविष्य में सेब उत्पादन के विस्तार के दृष्टिगत विपणन के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त सेब की नर्सरी स्थापित किए जाने, भंडारण हेतु कोल्ड स्टोरेज, सोर्टिंग, ग्रेडिंग इत्यादि की स्थापना के उद्देश्य से धनराशि की आवश्यकता बताई गई, जिस पर राज्य को पूरा सहयोग किया जाएगा। कीवी का उत्पादन भी उत्तराखंड की जलवायु के अनुसार बहुत उपयुक्त है और कीवी में जंगली जानवरों का नुकसान भी अधिक नहीं होता है,श्री शिवराज सिंह ने इस संबंध में भी राज्य को सहायता की बात कही। इसी तरह, ड्रैगन फ्रूट, जिसे जंगली जानवरों द्वारा नुकसान की न्यून संभावना होती है तथा जो शीघ्र नष्ट न होने वाली फसल है, की खेती को नगदी फसल के रूप में स्थापित किए जाने हेतु, ड्रैगन फ्रूट मिशन की अपार सफलता की संभावना के दृष्टिगत इस मिशन के लिए केंद्र की ओर से मदद करने की बात केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कही। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सुपर फुडस-शहद, मशरूम एवं एक्जोटिक वेजीटेबल्स की स्थापना के लिए धनराशि की उत्तराखंड की मांग पर शिवराज सिंह ने कहा कि यह भी हम स्वीकृत कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना pके लक्ष्यों को उत्तराखंड ने पूरा किया है, नया सर्वे भी कर लिया है, जल्द ही उसका वेरिफिकेशन पूरा होने वाला है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी राज्य का काम बहुत अच्छा है, इसलिए इसके चौथे चरण के लिए राज्य के प्रस्ताव के अनुसार स्वीकृति हम देने वाले हैं। लखपति दीदी के लक्ष्यों को भी राज्य ने पूरा किया है और टारगेट को बढ़ाया है, मनरेगा में भी उत्तराखंड का काम अच्छा है। कुल मिलाकर, कृषि एवं ग्रामीण विकास संबंधी बैठक बहुत उपयोगी रही है और दोनों मंत्रालयों की ओर से हम उत्तराखंड के विकास में कसर नहीं छोड़ेंगे।

### भाजपा सांसद निशिकांत...

वायरल हुए, जिनमें मनसे कार्यकर्ताओं को उत्तर भारतीय मजदूरों और विक्रेताओं पर हमला करते हुए दिखाया गया, जब उन्होंने महाराष्ट्र की मूल भाषा मराठी में बातचीत करने में असमर्थता व्यक्त की। उत्तर भारतीयों के खिलाफ हमले की घटनाएं तब हुई हैं जब एक सप्ताह पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य में तीन-भाषा नीति को वापस ले लिया था, राज और उद्धव ठाकरे के कड़े विरोध के बाद, जिन्होंने इसे हिंदी थोपना कहा था।

### नागरिक खुद कर सकेंगे...

होगा कि नागरिकों को वेब पोर्टल के जरिए खुद गणना करने का मौका मिलेगा। ये पोर्टल दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। पहला मकानों की गिनती एक अप्रैल 2026 से और दूसरा जनसंख्या गिनती एक फरवरी 2027 से। 34 लाख कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। सरकार ने सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख 31 दिसंबर तय की है।

**34 लाख कर्मचारियोंको दी जाएगी ट्रेनिंग :** इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।

कांवड़ यात्रा : सीएम योगी के आदेश पर हरकत में आए

# भंडारों का प्रसाद चखेंगे अफसर



एजेंसी ⏭ मैनपुरी

सावन मास में कांवड़ियों की राह में किसी प्रकार का विघ्न न पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्याप्त प्रबंध के आदेश दिए हैं। शासन के आदेश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग भी हरकत में आ गया है। जिले की सीमा में पड़ने वाले सभी ढाबों और खाद्य सामग्री से संबंधित दुकानों पर लाइसेंस को डिस्प्ले करना होगा।

इतना ही नहीं, मार्ग में संचालित होने वाले भंडारों का प्रसाद भी अफसर चखेंगे। 11 जुलाई से सावन मास की शुरुआत हो रही है। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के उद्देश्य से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर यात्रा का हिस्सा बनते हैं। जिले से होकर भी बड़ी संख्या में कांवड़िया गुजरते हैं। भोजन या प्रसाद की आड़ में कोई उनके व्रत को खंडित न करे, इसके लिए जिले की सीमा में पड़ने वाले प्रत्येक ढाबे, होटल और रेस्टोरेंट के मालिक को अपना खाद्य लाइसेंस सार्वजनिक करना होगा।

लाइसेंस के साथ खाद्य सामग्री की रेट लिस्ट भी प्रदर्शित करनी होगी ताकि श्रद्धालुओं को सब स्पष्ट हो सके। सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को प्रतिदिन भ्रमण करके भंडारों का प्रसाद चखना होगा। यदि किसी प्रकार की अनियमितता मिलेगी तो उस प्रसाद को नष्ट भी कराया जाएगा। मंगलवार से टीमों को होटल और ढाबों की जांच आरंभ करनी होगी।

मासूम बेटी की लाश देख फफक पड़ा पिता

# एसडीओ की कार ने सपा नेता के परिजनों को कुचला था, 4 की मौत

एजेंसी ⏭ गाजीपुर



यहां जंगीपुर के नसीरपुर फोरलेन चौराहे को पार करते समय बीते रविवार को एसडीओ ने कार से सपा के यूथ ब्रिगेड महासचिव जितेंद्र पाल की मां चंद्रज्योति पाल (70), मौसेरी बहन कुंती पाल (50), भतीजी अस्मिता पाल (2) और मौसेरे भाई संजीत पाल (26) को कुचल दिया, जिससे चारों की मौत हो गई। सभी मऊ से वनदेवी के दर्शन-पूजन कर लौट रहे थे। चार लोगों की मौत की सूचना मिलते ही सपा नेता का परिवार अस्पताल पहुंच गया। यहां अपनी मासूम बेटी की लाश को देखकर फफक पड़ा। परिजन उसे समझा रहे थे।

हादसे के बाद कार कुछ दूर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी विपिन कुमार सिंह बिजली निगम में एसडीओ के पद पर गोरखपुर में तैनात है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। नसीरपुर फोरलेन चौराहे के पास चंद्रज्योति और कुंती बाइक से उतरकर पैदल सड़क पार करने लगीं। संजीत व अस्मिता बाइक पर थे। जैसे ही सभी सड़क के बीचोंबीच पहुंचे, तभी वाराणसी की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे चंद्रज्योति, संजीत और अस्मिता की मौके पर मौत हो गई, जबकि कुंती गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुंती को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया,रास्ते में कुंती पाल की भी मौत हो गई।

झारखंड में भारी बारिश का कहर

# भरभराकर गिरा मकान, 9 साल के बच्चे की मौत

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में भारी बारिश का दौर जारी है। इस बीच एक बड़ा हादसा हो गया है। रांची के सोनाहातू के तेलवाडीह गांव में मकान गिरने से मलवे में दबकर 9 साल बच्चे की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिकल सोनाहातू प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के तेलवाडीह गांव में रविवार रात एक बजे के आसपास भारी बारिश से सुभाष प्रमाणिक का खपरैल का मकान धवस्त हो गया। जिस वक्त ये घटना हुई, तब परिवार के 6 सदस्य एक कमरे में सोए हुए थे।

### पंचायत मुखिया ने गांव पहुंच कर घटना की जानकारी ली

अचानक से भरभरा कर खपरैल का ऊपरी हिस्सा और दीवाल गिर गया। जो लोग संभल पाए किसी तरह सुरक्षित निकल गए। लेकिन सुभाष प्रमाणिक का बेटा 9 साल शिवा प्रमाणिक मलबे में दब गया। मलबे को हटाने में समय लगा तब तक शिवा की मौत हो गई। घटना के सूचना मिलते ही सोमवार सुबह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के निर्देशनुसार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा गांव पहुंच कर घटना की जानकारी लेने पहुंचे।



### सरकारी मुआवजा देने की बात कही गई

पुलिस को मामले की सूचना दी गई और अंचल कार्यालय और आपदा विभाग से बात की गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद सरकारी मुआवजा देने की बात कही गई है। मौके पर ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा ,आजसू पंचायत प्रभारी, दलेल चन्द्र महतो,धीरेश प्रमाणिक, रसोराज प्रमाणिक,एवं ग्रामीण मौजूद थे। सुभाष प्रमाणिक खेतीबाड़ी से अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम और बोकारो जिला में भारी बारिश हो सकती है। राजधानी रांची में करीब 15 मिमी बारिश हुई। सायं तीन बजे के बाद से शुरू हुई धीमी बारिश देर शाम तक होती रही। राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान 13.2 मिमी औसत बारिश हुई। जबकि रांची इस मानसून सीजन के दौरान 648.3 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य वर्षापात 253.2 मिमी से 156 फीसदी अधिक है।

हरिभूमि
# सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
8 जुलाई 2025



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना



असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।

### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।

## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे।

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा
शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी।

---

परवरिश
दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर

अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।



**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें।


---

मेकअप
सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।



**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्यचराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी।



(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)


---

डाइट
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।









**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है।


# मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचार को किया क्रियान्वित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य किया।

उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना ही नहीं कि तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को क्रियान्वित करने का काम किया है। डॉ. यादव रविवार को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर में 'एक देश-एक विधान' विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**धारा 370 के विरोध में निरंतर कार्य करते रहे डॉ. मुखर्जी**




## एक देश, एक विधान कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी का किया स्मरण

### डॉ. मुखर्जी का योगदान ऐतिहासिकः पांडे

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव कुमार पांडे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर जो योगदान है उसके बारे में अक्सर चर्चा होती है। उनका एक दूसरा योगदान भी इतना ही बड़ा है, जिस पर कम चर्चा होती है, वह है कोलकाता और पश्चिम बंगाल के संबंध में। कोलकाता भारत का अभिन्न हिस्सा है। पूर्वोत्तर के गलियारे से क्षेत्र के सभी राज्य परस्पर जुड़े हैं। इस इलाके के अस्तित्व को बनाए रखने से पाकिस्तान का भूमि संपर्क नहीं हो सका। आज पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। डॉ. मुखर्जी ने इन प्राथमिकताओं और राष्ट्र हित से जुड़े अति-महत्वपूर्ण विषय को समय रहते समझा और आवश्यक संघर्ष किया। इस तरह डॉ. मुखर्जी का योगदान ऐतिहासिक है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी आदि उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

### धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प 'एक निशान, एक विधान और एक प्रधान' को साकार करने का कार्य किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत दुनिया का बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने इस उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम के लिए आयोजक और प्रतिभागियों, विशेष रूप से विद्यार्थियों को बधाई दी।*

## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर कर्मचारी मंच का धरना 20 को

**भोपाल।** नौ सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारी 20 जुलाई को आंबेडकर पार्क में धरना देकर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के बाद कर्मचारी पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपेंगे। यह निर्णय रविवार को खेल परिसर 74 बंगला में आयोजित मप्र कर्मचारी मंच की बैठक में लिया गया। बैठक में लंबित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर रणनीति बनाकर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि बैठक में नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तैयार किया गया। जिसमें स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण, सुरक्षा श्रमिकों को कुशल श्रमिक का वेतन, अनुकंपा नियुक्ति का लाभ, अवकाश सुविधा एवं मेडिकल सुविधा देने समेत अन्य मांगें शामिल है।

### पांडे बने वन सुरक्षा श्रमिक संघ अध्यक्ष

**भोपाल।** वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिकों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए वन सुरक्षा श्रमिक संघ का गठन रविवार को किया गया। खेल परिसर 74 बंगला फॉरेस्ट डिविजन ऑफिस में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से वन सुरक्षा श्रमिक संघ का अध्यक्ष अरुण पांडे को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष इकबाल खान, सचिन, विक्रम सिंह और महामंत्री सलमान खान को नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने वन विभाग के सुरक्षा श्रमिकों की मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही प्रभारी चिकित्सक निलंबित

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को रेबीज सहित अन्य आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धार जिले के मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज वैक्सीन नहीं मिलने की घटना पर संज्ञान लिया गया। प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि डॉ. सुब्रत दास की पत्नी को रेबीज वैक्सीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र्र पर ही उपलब्ध कराई गई थी।

## सरकार वनवासियों के साथ है, यह भावना जन-जन तक जानी चाहिए: सीएम डॉ. यादव

# पेसा मोबालाईजर की नियुक्ति के अधिकार अब ग्राम सभाओं को देगी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं।

इस सम्मेलन के जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा इसी विषय के लिए गठित कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

*मुख्यमंत्री ने वनाधिकार और पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति की पहली बैठक में दिए निर्देश*

**खास बातें**

- दुग्ध उत्पादन के जरिए जनजातीय भाई-बहनों की बढ़ाएं नकद आय
- जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं : सीएम



### 31 दिसंबर तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इसमें पेसा मोबालाईजर्स के जरिए जनजातियों को उनके अधिकारों के बारे

### ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त करने और संतोषजनक प्रदर्शन न करने पर हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देने जा रही है। इस निर्णय से एकरूपता आएगी और ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वनवासियों की बेहतरी के लिए संकल्पित है। उनके सभी हितों की रक्षा की जाएगी। वन विभाग का मैदानी अमला यह सुनिश्चित करे कि वन भूमि पर अब कोई भी नए अतिक्रमण कदापि न होने पाएं।*

### विधायकों की ओर से विजन डॉक्यूमेंट बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के 'जलयुक्त शिविर' अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मप्र में भी अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की ओर से इस अधिनियम के अमल के लिए की जा रही कार्यवाही के सभी पहलुओं का अध्ययन कर लें और जो सबसे उपयुक्त है उसी मॉडल पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विधायकों की ओर से विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है।

### अब तक 450 वनाधिकार दावे भरवाए जा चुके हैंः नेताम

बैठक में समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी अमल के लिए बालाघाट जिले में पुलिस विभाग की ओर से सभी पुलिस चौकियों में एकल सुविधा केन्द्र स्थापित कर इसके जरिए कैम्प लगाकर जनजातियों को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 450 वनाधिकार दावे भरवाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 88 जनजातीय विकासखंडों वाले जिलों के कलेक्टर को बालाघाट मॉडल भेजकर इसी अनुरूप करने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक सभी गांवों के दावे प्राप्त कर लें और इसी दौरान इनका निराकरण भी कर लें। वन अधिकारियों की ट्रेनिंग का काम 15 अगस्त तक पूरा कर लिया जाए।

#### समुचित प्रावधान भी विजन डॉक्यूमेंट में

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम और पेसा कानून के अमल के लिए समुचित प्रावधान भी इसी विजन डॉक्यूमेंट में शामिल कर लिए जाएं। सरकार विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय बहुल गांव, मजरों-टोलों तक सड़कें बना रही है।

#### अब तक 2.89 लाख से अधिक दावे मान्य

*प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य ने बताया कि वर्ष 2008 से 2023 तक कुल 2 लाख 89 हजार 461 वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं। लंबित दावों के निराकरण के लिए कार्रवाई की जा रही है। वन मित्रा पोर्टल के अनुसार पूर्व में मान्य दावों के सत्यापन के उपरांत अपात्र हितग्राहियों के वनाधिकार दावे अमान्य किए गए हैं। पुनः परीक्षण के लिए 87 हजार 283 और एक लाख 86 हजार 224 नए प्राप्त दावे इस प्रकार कुल 2 लाख 73 हजार 457 दावे अभी लंबित स्थिति में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़वानी, धार, खरगोन, मंडला, बैतूल, छिंदवाड़ा, शहडोल, खंडवा, सिंगरौली, रायसेन, डिण्डौरी, अलीराजपुर, बुरहानपुर, सिवनी, उमरिया और बालाघाट जिले में 7-7 हजार से भी अधिक वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं।*

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा पदाधिकारियों और सीएम ने किया माल्यार्पण



### डॉ. मुखर्जी दूरदृष्टि वाले राष्ट्रनायक थे राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 लगाकर देश की जनता के साथ पाप किया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया।

#### देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे डॉ. मुखर्जी

*सीएम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को शिद्दत से मजबूत किया। डॉ. मुखर्जी देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए नई दिशा, नए विचार दिए। उनके द्वारा कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में धारा-370 का कलंक जारी रहा एवं 40 हजार निरपराध लोग पीड़ा और हिंसा के शिकार हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की।*

#### डॉ. मुखर्जी के संघर्ष व आदर्श हमेशा रहेंगे याद

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा और देश जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षों व आदर्शों को हमेशा याद रखेगा। महापुरूषों और उनके संघर्षों व आदर्शों को याद करने से जीवन में नैतिकता व संघर्ष बना रहता है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ देश और समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहे। डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल के त्याग, तपस्या और बलिदान से ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सका है।

## भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का नड्डा ने किया शुभारंभ

सुव्यवस्थित सरकार चलाने और कार्यकर्ताओं से तालमेल बनाए रखना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुभारंभ किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित छत्तीसगढ़ भाजपा के सभी मंत्री, विधायक व सांसद मौजूद है।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पौधरोपण कर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। 3 दिनों तक चलने वाला यह प्रशिक्षण शिविर मैनपाट तिब्बती कैम्प नंबर-1 के कम्युनिस्ट हाल में आयोजित है। भाजपा के मंत्री, विधायकों और सांसदों को शिविर में सुव्यवस्थित



तरीके से सरकार चलाने और कार्यकर्ता के साथ अच्छा तालमेल बनाने प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार की सुबह ट्रेन मार्ग से अंबिकापुर पहुंचे, जहां रेल्वे स्टेशन में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री मैनपाट पहुंचे और शिविर स्थल का जायजा लेने के पश्चात वापस दरिमा एयरपोर्ट आए और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके पश्चात सभी मैनपाट शिविर में पहुंचे और फिर तीन दिवसीय शिविर का राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुभारंभ किया। इस शिविर में भाजपा के सभी विधायक, मंत्रियों और सांसदों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर मे सभी के मोबाईल फोन को बैन कर दिया गया, सभी का मोबाईल बाहर रखवाया गया है।

## कोड़ातराई ग्राम बना रायगढ़ जिले का सीसीटीवी से लैस गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यालय से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित कोड़ातराई गांव रायगढ़ जिले का पहला गांव बन गया है, जो पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों से लैस है। शुरुआती चरण में गांव में 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और जल्द ही इनकी संख्या बढ़ाने की योजना है। इन कैमरों के जरिए गांव की मुख्य सड़कों, चौराहों और सुनसान गलियों की सतत निगरानी की जा रही है। कोड़ातराई गांव, जिसकी आबादी लगभग 5,000 है। यह नेशनल हाइवे से सटा हुआ है। यहां पटेलपाली, जकेला, लिंजीर, सुर्री, झारमुड़ा, तडोला, बेलपाली, लोहरसिंह, जामपाली, तेतला, बिजना, कुंजे डबरी जैसे आसपास के गांवों के लोग खरीददारी और अन्य कार्यों के लिए रोजाना आते-जाते हैं। हाइवे पर 24 घंटे भारी वाहनों का आवागमन रहता है, जिसके कारण सड़क हादसे आम हैं। कई बार हादसों के बाद वाहन चालक फरार हो जाते हैं और वाहन का नंबर न मिलने से पीड़ति परिवार को मुआवजा नहीं मिल पाता। गांव की मुख्य सड़क, चौराहों और सुनसान गलियों में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। ग्राम पंचायत भवन में डीवीआर सिस्टम के माध्यम से इन कैमरों से निगरानी की जा रही है। किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन कैमरों से न केवल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि अपराधियों की पहचान और सड़क हादसों में फरार वाहन चालकों को पकड़ने में भी मदद मिलेगी। गांव के सरपंच मृत्युंजय सिंह ठाकुर ने बताया, 'कोड़ातराई ऐसा गांव है।

### विशेष दिनों में बंद रहेंगी मीट-मटन की दुकानें

**कवर्धा।** जिले में स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जनमाष्टमी, गणेश चतुर्थी, ढोल ग्यारस, अनन्त चतुर्दशी, गांधी जयंती, भगवान महावीर निर्वाण दिवस व गुरू घासीदास जयंती पर पशुवध व मांस बिक्री निषिद्ध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को श्री कृष्ण जनमाष्टमी, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 3 सितंबर को ढोल ग्यारस, 6 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती 21 अक्टूबर को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह व मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है।

**वांटेड**

**आरोपी/संदिग्ध व्यक्ति की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** मालूम नहीं, **पुत्रः** मालूम नहीं, **निवासीः** मालूम नहीं, जो वांटेड/संदिग्ध है इस बाबत **FIR No. 111/18 दिनांक 12.04.2018 U/s 380 IPC., थानाः लाजपत नगर**, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थानाः लाजपत नगर, दिल्ली** को निम्नलिखित नं. व ई–मेलः **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइटः **http://cbi.nic.in** पर सूचित करें। सूचना देने वाले को मुनासिब ईनाम दिया जाएगा एवं उसकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**फोन नं.: 011-24368638, 24368641** हस्ता/- थानाध्यक्ष
**मोबाईल नं.: 80777655697** थानाः लाजपत नगर, दिल्ली
**DP/7628/SE/2025** ईमेलः **sho-lajpatngr-dl@nic.in**

## पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों से डॉ.यादव ने चर्चा की

# दुग्ध नेटवर्क से जुड़ेंगे प्रदेश के 50 प्रतिशत ग्राम : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री ने यह बात पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



**दुग्ध मूल्यों में प्रति लीटर मूल्य वृद्धि**

दुग्ध संघों में दुग्ध मूल्यों में ढाई रुपए से लेकर छह रुपए तक प्रति लीटर वृद्धि का कार्य किया है। प्रदेश में दो दुग्ध संघों जबलपुर और ग्वालियर में दुग्ध संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ को दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान के लिए दो-दो करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाई गई है।

**सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए**

सीएम ने बैठक में दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से देशी नस्ल के पशुओं के लिए मॉडल फार्म विकसित करने, सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने, भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत हीफर रियरिंग सेंटर की स्थापना, दुग्ध उत्पादक किसानों को खरीदे गए दूध का समय पर भुगतान, डिजिटाइजेशन वर्क की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश के दुग्ध संघों में न सिर्फ दुग्ध संग्रहण बढ़ रहा है, बल्कि किसानों और दुग्ध उत्पादकों का हित भी सुनिश्चित हो रहा है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्केट कमेटी फरीदाबाद | एनजीएम, एनवीएम फरीदाबाद में स्वयं क्लीनिंग और डम्पिंग व्यवस्था द्वारा मार्केट कमेटी, नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा निर्धारित स्थान पर टायलेट्स, सीवरेज लाइन की क्लीनिंग सहित रोजाना सफाई, स्वीपिंग और कूड़ा-कर्कट, वेस्टेज इत्यादि को डम्प करना। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | ईएमडी 85700/- | https://etenders.hry.nic.in | 9999328000 mcfaridabad2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36338/I/88/7 दि. 07.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पलवल सह. चीनी मिल्स लि., पलवल | विभिन्न प्रकार के स्क्रैप के लिए बिक्री की निविदा + 19 अन्य कार्य। | 02.07.2025 09.07.2025 | 5.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8307653970 palwalsugarmill@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36324/I/88/7 दि. 07.07.25

## चिंतन

# आतंकवाद पर ब्रिक्स से पाक चीन व तुर्किये को कड़ा संदेश

ब्रिक्स के मंच से भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को कड़ा संदेश दिया और चीन, तुर्किये और पाकिस्तान को आईना दिखाया। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बने हालात पर बिना नाम लिए पाकिस्तान, तुर्किये और चीन को आड़े हाथों लिया। आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौलना चाहिए। पीएम मोदी ने यह बात तब कही है जब य बात सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पर्दे के पीछे से चीन व तुर्किये ने पाकिस्तान की मदद की। आतंकवाद की निंदा करना ब्रिक्स का सिद्धांत होना चाहिए, न कि सिर्फ सुविधा। अगर पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके विरुद्ध हुआ, तो यह मानवता के खिलाफ विश्वासघात होगा। चीनी प्रभुत्व वाले संगठन शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद पर पक्षपाती रुख देखा गया था। चीन व पाकिस्तान का रुख सिलेक्टिव था। इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर खतरा है। युद्ध व संघर्ष से जूझ रही दुनिया में शांति और सुरक्षा बहुत जरूरी है। अगर माहौल शांत और सुरक्षित होगा, तभी लोग तरक्की कर पाएंगे। ब्रिक्स इस लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आतंकवादियों के खिलाफ पाबंदियां लगाने पर कोई संकोच नहीं होना चाहिए। आतंकवादियों और उनके समर्थकों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए। निजी या राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को चुपचाप समर्थन देना गलत है। आतंकवाद को लेकर कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं कर सकते, तो यह सवाल उठता है कि क्या हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को लेकर गंभीर हैं भी या नहीं? ब्रिक्स के मंच से भारत ने गाजा में मानवीय स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की और शांति का मार्ग अपनाने की अपील की। भारत हर उस प्रयास का समर्थन करता है, जो विश्व को, विभाजन और संघर्ष से बाहर निकालकर, संवाद, सहयोग और समन्वय की ओर अग्रसर करे, एकजुटता और विश्वास बढ़ाए। भारत ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। ब्रिक्स इस दिशा में मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ब्रिक्स को विश्वसनीयता दर्शानी चाहिए व 'ग्लोबल साउथ' के लिए मिसाल बनना चाहिए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने' पर जोर दिया गया। ब्रिक्स में बड़े सुधार की भी जरूरत है। वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए। ब्रिक्स विज्ञान एवं अनुसंधान भंडार बनाए जाने का प्रस्ताव भारत ने दिया है, जिससे सहयोग के लाभ अन्य विकासशील देशों तक भी पहुंचाए जा सकें। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। अब मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई व इंडोनेशिया भी सदस्य हैं।

# परस्पर अविश्वास से निष्क्रिय हो रहा ब्रिक्स



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

ब्रिक्स ने ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। पीएम मोदी ने इसमें शिरकत की। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्वपूर्ण हो चुका है। राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।

सोलह वर्ष पहले आरंभ हुए ब्रिक ने ब्रिक्स होकर ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। इस बार इंडोनिशया को ब्रिक्स का सदस्य देश बनाने के बाद इस मंच के कुल सदस्य देशों की संख्या अब ग्यारह हो गई है। ब्राजील, चीन, भारत, रूस, दक्षिण अफ्रीका, इजिप्ट, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई पहले से ही इस समूह के सदस्य देश हैं। ब्रिक्स की वार्षिक सामूहिक प्रस्तावना में नव परिवर्तन की आशा करना तब तक व्यर्थ है, जब तक इसके पूर्व प्रस्तावों को कार्यरूप देते हुए अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लिए जाते। प्रति वर्ष वैश्विक राजनीति, कूटनीति और अर्थनीति में व्यापक अस्थिरता के कारण दुर्भाग्य से ब्रिक्स के वार्षिक प्रस्ताव, क्रियान्वयन की परिणति तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। विश्व स्तर पर युद्धों की निरंतरता, आर्थिक संघर्ष-प्रतिबंधों की पुनरावृत्ति तथा जलवायु की विषम पारिस्थितिकी के कारण ब्रिक्स के कार्यबिंदुओं पर तीव्रतापूर्वक कार्य नहीं हो पा रहा है। गत सौ से भी अधिक वर्षों से विकसित तथा विकासशील राष्ट्रों के समूहों में विभाजित रहा विश्व, ब्रिक्स के निरंतर साकार होते रहने के कारण एक तृतीय वैश्विक सामूहिक-धुरी के स्वरूप में स्थापित हो चुका है। समूह-20 तथा समूह-7 जैसे वैश्विक संगठन इस समय ब्रिक्स के सम्मुख अप्रभावी प्रतीत हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विकसित राष्ट्रों के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से परिचालित अनेक अन्य वैश्विक संगठन ब्रिक्स एवं इसकी सहायक संस्थाओं द्वारा उत्पन्न समुचित प्रतिस्पर्द्धापरक वातावरण में किंकर्त्तव्यविमूढ़ हैं। ब्रिक्स की उपस्थिति से विश्व में गुटसापेक्षता का एक अप्रत्याशित संतुलन स्थापित हुआ है। यह कैसे न होता! क्योंकि विश्व की भू सतह का लगभग 30 प्रतिशत तथा वैश्विक जनसंख्या का 45 प्रतिशत, संस्था के सदस्य राष्ट्रों के पास है। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीकी महाद्वीप की सर्वाधिक बड़ी अर्थव्यवस्था है। ब्राजील, भारत एवं चीन जनसंख्या, क्षेत्रफल व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा क्रय शक्ति समता के आधार पर दुनिया के दस सर्वाधिक अग्रणी राष्ट्रों में से हैं। रूस जो है वह ब्रिक्स के सदस्यों देशों के सहयोग से यूक्रेन के साथ निरंतर संघर्षरत रहने और अमेरिकी नेतृत्व में यूरोपीय देशों द्वारा उस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद भी विगत वित्तीय वर्ष में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा था। संस्था के सभी पाँच प्रारंभिक सदस्य देश जी-20 के सदस्य भी हैं, जिनकी संयुक्त रूप में 2024 में अंकित जीडीपी का मूल्य 28 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (सकल वैश्विक उत्पाद का लगभग 27 प्रतिशत) है। इनकी कुल जीडीपी (क्रय शक्ति समता) लगभग 65 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (वैश्विक जीडीपी अर्थात क्रय शक्ति समता की 33 प्रतिशत) है तथा 2024 के अनुसार इनके पास अनुमानित 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डालर मूल्य का संयुक्त विदेशी भंडार है।

ब्राजील में संपन्न 17वीं ब्रिक्स सभा में विमर्श के प्रमुख विषयों में आतंकवाद था। पहलगाम के बाद भारत की आतंक पीड़ा चाहे-अनचाहे विश्व के सम्मुख मुखर होकर उभरी है। पहलगाम के प्रतिशोध में पाकिस्तान पर



किये गये सिंदूर सैन्याभियान ने तो भारत सामरिक दृष्टि से ऐसी स्थिति में खड़ा कर दिया है, जहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के लिए भारत के पक्ष को सुनना अत्यंत आवश्यक हो चुका है। सम्मेलन में वैश्विक शांति, युद्ध विराम, आतंक रोधन, स्वस्थ पोषाहार व शुद्ध पेयजल आपूर्ति, सार्वजनिक जीवन व स्वाथ्य वृद्धि के लिये जलवायु संकट का निवारण, डिजिटल सुविधा पर व्यावसायिक एवं जीवन की समस्त गतिविधियों की निर्भरता हेतु इंटरनेट चालित नवोन्नत प्रौद्योगिकियों को हैकिंग बाधाओं से मुक्त करना, ब्रिक्स बैंक के माध्यम से सदस्य देशों की वैकासिक परियोजनाओं के लिये ऋण वितरण प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाना, वैश्विक शांति के लिये किये जा रहे प्रयासों में गंभीरतापूर्वक योगदान देना इत्यादि विषय सम्मिलित थे। दुनिया को समुचित गति-प्रगति के साथ आगे बढ़ाने के लिये शक्तिशाली देशों को कुछ ऐसे उपाय भी करने ही करने होंगे जो तात्कालिक रूप में लाभान्वित तो नहीं होंगे, किंतु विश्व की भावी पीढ़ियों के प्राणों, श्वासों तथा जीवन के लिये एक दिशादृष्टि निश्चित कर उसके निष्ठावान क्रियान्वयन में निरंतर सहयोग करेंगे। इस दिशा में ब्रिक्स आगामी दिनों में क्या व कितना कार्य करता है, यह परखा जाना है। नये सदस्य देशों का ब्रिक्स के साथ आना अभी महत्त्वपूर्ण तो नहीं समझा जा सकता है, किंतु हां पांच से ग्यारह सदस्यीय विस्तार के स्वरूप में ब्रिक्स अब जी-7 को भूराजनीतिक, आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक नीतियों के आधार पर प्रतिस्पर्द्धा देने के लिये प्रतीक स्वरूप में तो स्थापित हो ही गया है। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्त्वपूर्ण हो चुका है। आर्थिक और सामरिक रूप में भारत की प्रगति के प्रति इन देशों की एकनिष्ठा रूस और चीन के लिए नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रही है।

रूस के पास स्वाभाविक बहाना है कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है और इसीलिए उसके राष्ट्रपति ने रियो डि जेनेरिया में भागीदारी नहीं की, किंतु चीन के पास कौन-सा बहाना है, जो उसके राष्ट्र प्रमुख शी चिनफिंग ब्रिक्स के सम्मेलन में नहीं आए। मूलतः रूस के आह्वान पर आरंभ हुए ब्रिक और इसके संस्थापक सदस्य देशों में से एक चीन की संगठन के प्रति उदासीनता भविष्य में सांगठनिक उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक ही होगी। दक्षिण एशिया में एक आदर्श देश के रूप में भारत की प्रगति अमेरिका ही नहीं, अपितु ब्रिक्स के सदस्य देश चीन और रूस को भी चुभ रही है। पाकिस्तान के साथ कुछ दिनों के सैन्य संघर्ष के बाद तो चीन पर भारत विरोधी होने का कलंक लग ही चुका है। चीन और तुर्किये ने मिलकर जिस प्रकार पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी, उससे भारत और चीन के राजनयिक संबंध मधुर नहीं रहे। भारत की क्वाड साझेदारी को भी चीन और रूस अपने क्षेत्रीय हितों व प्रभुत्व के लिए चुनौती समझ रहे हैं। इसके प्रतिकार के लिए चीन ने तो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ मिलकर एक नया दक्षिण वैश्विक धुरव खड़ा करने की दिशा में काम करना आरंभ कर दिया है। रूस ने भी अफगानिस्तान के तालिबान शासन को मान्यता प्रदान कर इस दिशा में आगे चरण बढ़ा दिया है। ब्रिक्स के 17वें सम्मेलन को निस्संदेह वैश्विक दक्षिण में यूरोपीय संघों के लिए आर्थिक चुनौती के रूप में एक सामूहिक एकता के स्वरूप में देखा जा रहा हो, किंतु वास्तविकता ये है कि राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि
ओमप्रकाश सिंह



# जननायक चंद्रशेखर होने का अर्थ

जननायक चंद्रशेखर मात्र कोई व्यक्ति नहीं बल्कि सिद्धांत हैं। वे एक वैचारिक प्रतीक हैं भारत की मिट्टी से उमड़ी राष्ट्रीय संवेदना की, ग्रामीण समाज के आतंरिक द्वन्द एवं उसकी राजनीतिक चेतना का। वे प्रतीक हैं प्राचीन भारत के राजर्षि परंपरा एवं लोकतंत्र के प्रति आम भारतीय के अटूट निष्ठा का। वे प्रतीक हैं कृषक के पुरुषार्थ का, मजदूर वर्ग के संघर्ष का इसलिए ये कहना होता है कि भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में चंद्रशेखर होना सहज़ नहीं है। 17 अप्रैल, 1927 में जन्मे चंद्रशेखर, एक बहुजातीय एवं अल्पसंख्यकों की सहभागिता वाले गांव में पले-बढ़े, जिससे उनका सार्वजनिक जीवन का उभार एक समरसता भरे विचारशील युवा के रूप में हुआ। 15 अगस्त, 1947 को आजादी के जश्न-जुलुस में शामिल भूखे चंद्रशेखर ने उस संकेत को महसूस किया कि यह आजादी क्या लेकर आने वाली है। इस पर चंद्रशेखर ने कहा था, 'मुझे लगता है कि आजादी के बाद एक ही काम हुआ है-' गुलिस्तां में कलियाँ तरसती रहीं, समंदर में बरसात होती रही।'



राजनीति में प्रवेश की प्रेरणा चंद्रशेखर जी को आचार्य नरेंद्र देव मिली थी। तब शोध की ओर रुचि दिखा रहे चंद्रशेखर जी से नरेंद्र देव ने कहा था, 'चंद्रशेखर छोड़िए शोध कार्य, देश बनाने के लिए निकलिए।' इलाहबाद विश्वविद्यालय में स्नात्तकोत्तर में दाखिले के साथ 1951 में सोशलिस्ट पार्टी में शामिल होकर समाजवाद के लिए काम करने का निर्धारित उनका ध्येय जीवन भर बना रहा। यही वे दिन थे ज़ब उन्होंने एक नये समाज के निर्माण का सपना देखा था। चंद्रशेखर का कहना था, 'जो आदमी राजनीति में सही ढंग से सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं नहीं बदलतीं।' चंद्रशेखर की भी नहीं बदलीं, वे जीवन भर गरीबी, असमानता एवं अभाव के विरुद्ध संघर्षरत रहे। चंद्रशेखर स्मरण करते थे, जब उनके पीठ में हुए फोड़े का इलाज नाई के छुरे को गर्म करके किया गया, उनकी मां डाक्टरी सहायता के बिना हैजा से चल बसी। ऐसे अनुभवों ने ही उन्हें प्रेरित किया, 'ऐसा समाज बनाना चाहिए जहां मानव इन विवशताओं से मुक्ति पा सके।' उनके भीतर शोषण के विरुद्ध, विषमता के विरुद्ध स्वाभाविक आक्रोश और समता के लिए गहरा लगाव था। तब छात्र राजनीति में संघर्ष कर रहे हम जैसे उस दौर के युवाओं को चंद्रशेखर जी की यही लोकतान्त्रिक आस्था प्रेरणा देती रही थी। जब मैं उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य बना तब मैंने अपने क्षेत्र के बारा गाँव में वीर अब्दुल हमीद के नाम पर एक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाया। तब उसके लोकार्पण के लिए आदरणीय चंद्रशेखर जी को आमंत्रित किया और वे आये भी। अपनी संघर्षशील राजनीतिक यात्रा में चंद्रशेखर जी ने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। चंद्रशेखर आजीवन बेबाक रहे थे। वे पूरी ठसक के साथ स्पष्ट कहने का दम रखते थे। एक बार इंदिरा गाँधी से बातचीत में उन्होंने कहा था 'मैं कांग्रेस को सोशलिस्ट बनाने का प्रयास करूंगा और अगर यह न बन पाए तो इसे तोड़ दूंगा क्योंकि जब तक यह टूटेगी नहीं देश में कोई नई राजनीति नहीं आएगी।'

वे राजनीतिक लाभ तथा सत्ता की संभावनाओं की परवाह नहीं करते थे। विचारधारा एवं राजनीति के संघर्ष में भी उनमें सत्य को कहने, स्वीकारने का साहस है। जेपी के दलविहीन राजनीति के विचार को चंद्रशेखर जी ने अस्वीकार करते हुए कहा था, 'यह अधिनायकवाद की राह सुगम करती है।' कांग्रेस में नेतृत्व चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी का समर्थन करने को उन्होंने ताउम्र अपना सही कदम माना। हालांकि यह भी यथार्थ है कि चंद्रशेखर राजनीतिक वंशवाद के विरुद्ध थे। एक विदेशी विद्वान द्वारा आजादी के इतने वर्षों बाद भी व्याप्त भयंकर गरीबी के सवाल पर उन्होंने कहा था, 'मानव इतिहास में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं जिसने बिना गरीबी का अनुभव किए गरीबी मिटाने का प्रयास किया हो।' यह विरासत में मिली सत्ता पर काबिज नेतृत्व के लिए उनके मन का आक्रोश था। चंद्रशेखर मानते थे कि केवल इंदिरा गांधी ही नहीं बल्कि जयप्रकाश नारायण के कारण भी देश इमरजेंसी की तरफ धकेला गया। चंद्रशेखर ने शाह आयोग के गठन को जनता सरकार की गलती मानी थी। उनका कहना था कि इंदिरा गांधी को उनके हाल पर छोड़ दिया जाना चाहिए था क्योंकि चुनावी हार उनके लिए एक बड़ा सबक थी। उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध जो आजकल सत्ता संघर्ष में चलन में है, को कभी भी उचित नहीं माना। इसलिए चंद्रशेखर ने इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी का भी विरोध किया। जनतपा पार्टी को अध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर ने ही संभाला।

(लेखक जमानियां विधानसभा से विधायक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

# गुरु की सीख से मुश्किलें होती है दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

*– विकास चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### प्रस्तावना नहीं बदल सकते



संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है। आपातकाल में संविधान की प्रस्तावना बदली गई थी।

**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### कैप्टन बत्रा को श्रद्धांजलि



कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करता हूं। करगिल युद्ध के दौरान उनकी अद्वितीय बहादुरी और उनका बलिदान राष्ट्र की सेवा में साहस का एक शानदार उदाहरण है। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### दिलीप कुमार प्रेरणास्रोत रहे



दिलीप कुमार छह पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं और वह भविष्य के कलाकारों के लिए भी मार्गदर्शक की तरह हैं। साहब की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। मैं अब भी जीवन में उनके साथ हूं।

**-सायरा बानो, अभिनेत्री**

### गुरु दत्त की विरासत अहम




गुरु दत्त ने जीवन की व्यथा को कविता में बदल दिया, ऐसी कविता जो खामोशी को भी चीर दे। जो उनके बाद आए, वे उस घाव को साथ लेकर चले। हम गुरु दत्त के सौ वर्ष पूरे होने का जश्न नहीं मनाते। हम उनकी विरासत की ओर लौटते हैं। गुरु दत्त की विरासत पुरस्कारों, पोस्टर या रील से नहीं बनी है।

**-महेश भट्ट, निर्माता-निर्देशक**

## करंट अफेयर

# सऊदी अरब में मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि



एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब में पिछले साल मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इनमें से अधिकतर मामले मादक पदार्थों से संबंधित हैं। सऊदी अरब में पिछले साल 345 लोगों को मौत की सज़ा दी गई। एमनेस्टी के अनुसार तीन दशकों से ज़्यादा समय में यह सबसे बड़ी संख्या है। समूह ने कहा कि इस साल के पहले छह महीनों में ही 180 लोगों को मौत की सज़ा दी गई, जिससे संकेत मिलता है कि यह रिकॉर्ड फिर से टूट सकता है। कार्यकर्ता समूह रिप्रीव ने बताया कि इस साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें से करीब दो तिहाई को मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया। एमनेस्टी ने भी मादक पदार्थ के मामलों में फांसी दिए जाने के बारे में इसी तरह की चिंता जताई है। सऊदी अरब ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है कि देश में मौत की सजा में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। सऊदी अधिकारियों ने फांसी की सज़ा और मादक पदार्थ के मामलों में मृत्युदंड का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है, इस बारे में 'एसोसिएटेड प्रेस' के विस्तृत सवालों का जवाब नहीं दिया। हालांकि, यह सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की टिप्पणियों के विपरीत है, जिन्होंने 2022 में इस बात को रेखांकित किया था कि उन्होंने इसका इस्तेमाल केवल हत्या के मामलों तक सीमित कर दिया है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है – और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा : 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)।



इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती – चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट – यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए: धनखड़

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक जज के आवास से भारी नकदी मिलने की घटना को न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी बताया और इसकी आपराधिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज न होना चिंता का विषय है।

एजेंसी ⏭ कोच्चि

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में एक जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना की तुलना 'आइड्स ऑफ मार्च' से की। आइड्स ऑफ मार्च रोमन कैलेंडर में 15 मार्च की तारीख को कहा जाता है। यह इतिहास में इसलिए प्रसिद्ध है, क्योंकि 44 ईसा पूर्व इसी तारीख पर रोम के सम्राट जूलियस सीजर की हत्या कर दी गई थी। उन्हें उनके ही भरोसेमंद साथियों ने धोखे से मार दिया था। इसलिए, आइड्स ऑफ मार्च अब धोखाधड़ी, षड़यंत्र और विश्वासघात का प्रतीक है।

**उपराष्ट्रपति ने बताई कार्यवाही नहीं हो पाने की वजह**

**1990** के दशक की व्यवस्था एफआईआर में बन रही बाधक

**बोले-** न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी

## शुरू से ही आपराधिक मामला मानना था



धनखड़ ने कहा कि अगर वहां नकदी मिली है, तो शासन प्रणाली को तुरंत हरकत में आना चाहिए था। सबसे पहला कदम इसे आपराधिक मामला मानना, दोषियों का पता लगाना और उन्हें न्याय के कटघरे में लाना होना चाहिए था। कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह जज के घर नकदी मिली, वह न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी है। उन्होंने बताया कि 14-15 मार्च की रात भारी मात्रा में नकदी मिलने की बात आधिकारिक रूप से मानी गई, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने चिंता जताई कि इस मामले को शुरुआत से ही आपराधिक मामला माना जाना चाहिए था।

## अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज



जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है और इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति को अपना जवाब भी सौंपा है। हालांकि, इसके बावजूद उनके न्यायिक कार्यों पर रोक लगाई गई और बाद में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने वहां के चीफ को निर्देश दिया है कि फिलहाल उन्हें कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए। इस मामले की जांच कर रही समिति ने अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

**प्राथमिकी दर्ज नहीं होने में हैं अड़चन**

धनखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर कार्रवाई करने में असमर्थ है, क्योंकि 1990 के दशक की एक सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुसार, इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती, जब तक कि कुछ विशेष प्रक्रियाएं पूरी न हो जाएं। खबर है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

## मुद्दे की जड़ तक जाना जरूरी: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा का नाम लिए बिना कहा कि अगर धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना बेहद जरूरी है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी जज के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह पैसा आखिर किसका है? इस पूरे मामले में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा,मुझे उम्मीद है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा। लोकतंत्र में यह बेहद महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास अडिग है। आज इस घटना की वजह से उसकी नींव डगमगा गई है।

## खबर संक्षेप

### मनसे पर सख्त कार्रवाई करें: मंत्री अठावले



**मुंबई।** हिंदी न बोलने वाले की पिटाई का मामला गरमाता नजर आ रहा है। इसकी चौतरफा निंद हो रही है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे की हालिया टिप्पणियों की आलोचना की है और उन्हें 'दादागिरी' को बढ़ावा देने वाला बताया और एमएनएस कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### होटलों के लिए संजीवनी बनी अमरनाथ यात्रा



**जम्मू।** करीब दो महीने से बंद पड़े होटलों के ताले अब यात्रियों ने खोल दिए हैं। होटल व्यवसायियों ने भी इस मौके को भुनाने के लिए आकर्षक ऑफरों की बौछार कर दी है। पहलगाम, सोनमर्ग, अनंतनाग और चंदनबाडी के होटलों में 20 से 35% तक की छूट दी जा रही है। कई होटल मुफ्त ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर दे रहे हैं।

### छह राजनैतिक दलों को चुनाव आयोग का नोटिस

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में बीते छह साल से निष्क्रिय छह पंजीकृत राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है ।

## कर्नाटक में फेल हुई राहुल गांधी की खटाखट इकॉनोमी, सरकार की आर्थिक हालत खस्ता

# किसान ने कहा-सड़क चाहिए, कर्नाटक के वित्त सलाहकार बोले-तो हम 'गारंटियां' बंद कर देंगे

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पांच गारंटियां देना अब अखरने लगा है। राज्य अर्थव्यवस्था खराब हो रही है और राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपनों के निशाने पर आ गए हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी इसे लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने संकेत दिए हैं कि राजधानी बेंगलुरु में वाटर टैरिफ यानी पानी पर टैक्स बढ़ाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जिन्होंने बेंगलुरु जल बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) सहित विभिन्न बोर्डों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पानी की दरों में बढ़ोतरी के कदम को खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों से पानी की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं।

> कर्नाटक में तमाम वादों के साथ कांग्रेस ने सरकार तो बना ली लेकिन अब फ्रीबी राज्य सरकार के लिए गले की हड्डी बन गई है

### खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं



### वेतन न मिलने की शिकायतें

डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, देखिए, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद, सब कुछ बढ़ गया है। बिजली की दरें आसमान छू रही हैं। सत्ता में आने के बाद, हमने एक तरह से बिजली की दरें कम कर दी हैं। पहले बिल 35 करोड़ आता था, और अब बिजली का बिल 75 करोड़ है। हमने वेतन में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। वेतन न मिलने की शिकायतें हैं।

### प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा

डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने के बाद बिजली की दरों में एक तरह से कमी की है, बावजूद इसके कि बिल बढ़ रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सब कुछ मुफ्त में नहीं चलाया जा सकता। परिचालन लागत में बढ़ोतरी की तरफ इशारा करते हुए, डिप्टी सीएम ने कहा कि बीडब्ल्यूएसएसबी को चलाने के लिए पानी की दरों में बढ़ोतरी संभव है कि किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ समय से इसे प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा हो रहा है।

### दिवालिया हो रही कर्नाटक सरकार: केंद्रीय मंत्री जोशी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर दिवालिया होने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा है, बसवराज राय रेड्डी ने कहा है कि अगर आप अपने गांव या तहसील में सड़क चाहते हैं, तो (चुनावी) गारंटी नहीं मिलेगी। इधर भी एक विधायक ने ऐसा ही बयान दिया है कि आपको गारंटी दिया गया है इसलिए सड़कें वगैरह नहीं बना सकते। स्वयं राज्य के गृह मंत्री ने बोला है कि उनके पास पैसा नहीं है। जोशी ने आगे कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि राज्य सरकार दिवालिया हो गई है और वो न तो ठीक से गारंटी दे पा रही है और न ही सड़कें बना रही है। इसको लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

### सीएम सिद्धारमैया को देनी पड़ी सफाई

मामले पर बवाल मचने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा है,गारंटी योजनाओं को बदलने का सवाल ही नहीं है। ये गरीबों और सभी जातियों के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। इनका उद्देश्य गरीबों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इसलिए इन्हें बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। इस बार, हम गांव की सड़कों सहित अन्य सड़कों के लिए विधायकों को कुछ धन आवंटित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भाजपा और जेडी(एस) विधायकों को भी विकास कार्यों के लिए अनुदान दिया जाएगा।

### सड़क चाहिए तो अनाज की मांग छोड़ दें: बसवराज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वित्त सलाहकार बसवराज राय रेड्डी के एक बयान ने राज्य में बवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लोगों को अगर सड़कें चाहिए तो चुनावी गारंटी के रूप में अनाज की मांग छोड़नी पड़ेगी. बसवराज मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार और कांग्रेस विधायक हैं। बसवराज रेड्डी अपने निर्वाचन क्षेत्र येलबुर्गा में एक स्कूल के भवन के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कन्नड़ भाषा में कहा,अगर आप ये कहें कि आपको चावल या कुछ और नहीं चाहिए, और सिर्फ गांव की सड़कें बनवानी चाहिए, तो हम वो भी करेंगे। मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सलाह दूंगा कि वो ये सब (अनाज) देना बंद करें। क्योंकि लोग ऐसा ही करने को कह रहे हैं। क्या मुझे उन्हें ये बताना चाहिए? मैं सुझाव के साथ मुख्यमंत्री को आपका नाम भी बताऊंगा।

सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

## कांग्रेस ने मेडिकल और फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता देने के घोटाले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को ठहराया जिम्मेदार

**यूपी, एमपी, गुजरात और राजस्थान के 23 मेडिकल कॉलेजों पर गिरेगी गाज**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हाल ही में सीबीआई द्वारा उजागर किए गए मेडिकल और फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता देने में हुए घोटाले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता डॉ ओनिका मेहरोत्रा ने इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' वाली टैगलाइन अब बदलकर 'खाऊंगा भी, खिलवाऊंगा भी' हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) में हुए घोटाले के बारे में बताया कि देशभर में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेजों ने रिश्वत, फर्जी दस्तावेजों और निरीक्षण में हेरफेर के जरिए मान्यता प्राप्त की। निजी संस्थानों से तीन से पांच करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर उन्हें मान्यता दी गई, चाहे उनके पास योग्यता और बुनियादी ढांचा हो या न हो।

### काउंसिल के तत्कालीन अध्यक्ष चला रहे थे रैकेट

डॉ. ओनिका मेहरोत्रा ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में भी बात की और कहा कि पीसीआई के अध्यक्ष डॉ. मोंटू पटेल रिश्वत के बदले फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता देने का एक संगठित रैकेट चला रहे हैं। सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक उनके कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में 23 कॉलेजों को निर्धारित शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे के मानकों को पूरा न करने के बावजूद मंजूरी दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ. पटेल के नेतृत्व में कॉलेजों के भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था को खत्म कर जूम पर ऑनलाइन निरीक्षण प्रक्रिया को अपनाया गया, जो अक्सर मात्र सात से नौ मिनट तक ही चलती थी। उन्होंने पूछा कि जब एनएमसी घोटाले के केंद्र में पीएम मोदी के करीबी व्यक्ति का नाम आया है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या प्रधानमंत्री को इस व्यक्ति की संलिप्तता की जानकारी है? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को उनके ही मंत्रालय में उनकी नाक के नीचे चल रहे करोड़ों रुपये के रिश्वतखोरी के मामले में जवाबदेह क्यों नहीं ठहराया गया?

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्रः राम किशोर, निवासीः पी–2/202–203, सुल्तानपुरी, दिल्ली** मे **FIR No. 939/2020 U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
एलडी. जेएमएफसी – 05, कोर्ट नं. – 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8912/OD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रशीद उर्फ भिंडी** पुत्र आबिद अली, निवासी- आई-454, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 128/2010 धारा 457/380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रशीद उर्फ भिंडी** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रशीद उर्फ भिंडी** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रशीद उर्फ भिंडी, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 128/2010 धारा 457/380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/8819/NE/2025

## राहुल गांधी ने दलित, पिछड़े और आदिवासी छात्रों की स्कॉलरशिप रोकने पर मोदी सरकार को घेरा, 'मनुवादी सोच' का लगाया आरोप

**सामाजिक कल्याण मंत्रालय ने फंड की कमी का हवाला दिया तो मचा बवाल**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार चुनाव से पहले सामाजिक कल्याण मंत्रालय ने विपक्ष को एक बडा मुद्दा दे दिया है। मंत्रालय ने नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप के अंतर्गत देशभर के 66 दलित, पिछड़े और आदिवासी छात्रों को ही स्कॉलरिशप जारी किया है जब कि चयन 106 छात्रों का हुआ है। बाकी छात्रों को फंड की कमी का हवाल देते हुए अभी इंतजार करने को कहा गया। बस, इसी बात को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लपक लिया है। बिहार चुनाव में इस मामले को अब खूब हवा दी जाएगी। देशभर में विपक्ष आंदोलन की तैयारी अलग से कर रहा है। राहुल गांधी ने दलित, पिछड़े और आदिवासी छात्रों को फंड की कमी का हवाला देकर विदेश में पढ़ाई के अवसर से वंचित करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे भाजपा और आरएसएस की "मनुवादी सोच" का परिणाम बताते हुए इसे बहुजन समुदाय के खिलाफ खुला अन्याय करार दिया।

राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर हिंदी में लिखा, "जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है - तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है। चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास 'फंड नहीं' है। लेकिन मोदी जी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाज़ी पर हज़ारों करोड़ रुपए बेहिचक खर्च किए जाते हैं।" केंद्र सरकार के सामाजिक कल्याण मंत्रालय द्वारा विशेष स्कॉलरशिप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रदान की जाती 2024-25 के लिए नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत 106 छात्रों का चयन किया गया था, लेकिन 66 छात्रों को केवल इसलिए स्कॉलरशिप से वंचित कर दिया गया क्योंकि सरकार ने "अपर्याप्त फंड" का हवाला दिया है। राहुल गांधी ने अपने बयान में यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस के नेताओं के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई रुकावट नहीं आती, लेकिन जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ने की कोशिश करता है, सिस्टम उसे रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपनाता है। उन्होंने लिखा, "कहीं सरकारी स्कूलों को कम कर देना, कहीं बेवजह अवसर के दरवाज़े बंद कर देना तो कहीं मेहनत से हासिल स्कॉलरशिप छीन लेना - ये सिर्फ़ अन्याय नहीं, भाजपा का खुला बहुजन शिक्षा विरोध है।" राहुल ने मांग किया कि मोदी सरकार को यह "अमानवीय फैसला" तुरंत पलटना होगा और इन 66 छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजना होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, कुछ सरकारी सूत्रों का कहना है कि बजट की कमी के कारण स्कॉलरशिप के लिए चयनित सभी छात्रों को तत्काल फंड देना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटन पर विचार कर रही है।

## अश्विनी कुमार शर्मा पंजाब बीजेपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विधायक अश्विनी कुमार शर्मा को पंजाब बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पार्टी में इस फेरबदल को आगामी चुनावों की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है जिसमें अश्विनी कुमार शर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अब भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को देखते हुए अश्विनी शर्मा को वर्किंग प्रधान बनाना एक रणनीतिक फैसला माना जा रहा है। अश्विनी शर्मा एक अनुभवी नेता हैं और पहले भी पार्टी में कई अहम पदों पर काम कर चुके हैं।



उल्लेखनीय है कि पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। हालांकि उनका इस्तीफा पार्टी हाईकमान की तरफ से मंजूर नहीं किया गया है। इससे पहले पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान सुनील जाखड़ सक्रिय नहीं दिखे। उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व से उन्हें पद की जिम्मेदारियों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। अश्वनी कुमार शर्मा कॉलेज के दिनों से आरएसएस और भाजपा के छात्र संगठन एबीवीपी से जुड़े हुए थे। वह 2007 से 2010 तक पंजाब भाजपा के महासचिव भी रहे हैं। वह गुरदासपुर डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन भी रहे हैं। वह 2004 में पार्टी के युवा मोर्चा के प्रधान भी रह चुके हैं।

# राहुल गांधी ने जेन स्ट्रीट घोटाले पर मोदी सरकार और सेबी पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट पर कार्रवाई के बाद केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने (एफ एंड ओ) फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफ एंड ओ) बाजार में बड़े खिलाड़ियों द्वारा छोटे निवेशकों के शोषण का मुद्दा उठाते हुए सेबी और सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर हिंदी में लिखा, मैंने 2024 में साफ कहा था। एफ एंड ओ बाज़ार 'बड़े खिलाड़ियों' का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हज़ारों करोड़ की गडबड की। सेबी इतने समय तक चुप क्यों रही? मोदी सरकार किसके इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी? उन्होंने आगे सवाल उठाया कि आखिर कितने और बड़े शार्क अभी भी रिटेल निवेशकों को निशाना बना रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि हर मामले में यह साफ दिख रहा है कि मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बनाने में लगी है, जबकि आम निवेशकों को बर्बादी की कगार पर धकेल दिया गया है।

### पूछा- छोटे निवेशकों की बर्बादी का जिम्मेदार कौन?

#### जेन स्ट्रीट घोटाला

सेबी ने 3 जुलाई को एक अंतरिम आदेश जारी कर जेन स्ट्रीट ग्रुप को भारतीय प्रतिभूति बाजार में भाग लेने से रोक दिया और 4 हजार 843.57 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को जब्त करने का आदेश जारी किया। सेबी के 105 पेज के आदेश के अनुसार, जेन स्ट्रीट ने जनवरी 2023 से मार्च 2025 के बीच इंडेक्स ऑप्शंस, खासकर बैंक निफ्टी में 43 हजार 289 करोड़ रुपए से अधिक का मुनाफा कमाया। इस दौरान, फर्म ने 'इंट्राडे इंडेक्स मैनिपुलेशन' और 'एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोज' जैसी रणनीतियों का उपयोग कर बाजार में हेरफेर किया। सेबी ने पाया कि जेन स्ट्रीट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए मई 2025 में भी ऐसी ही हेरफेर वाली ट्रेडिंग जारी रखी। फर्म ने निफ्टी और बैंक निफ्टी जैसे इंडेक्स को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रेडिंग की, जिससे छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

#### पिछले साल ही राहुल ने किया था सावधान

राहुल गांधी ने सितंबर 2024 में एक ट्वीट में बाजार में हेरफेर का मुद्दा उठाया था। उन्होंने तब कहा था, अनियंत्रित एफ एंड ओ ट्रेडिंग पिछले 5 सालों में 45 गुना बढ़ गया है। 90 फीसदी छोटे निवेशकों ने 3 सालों में 1.8 लाख करोड़ रुपये गंवाए हैं। सेबी को उन 'बड़े खिलाड़ियों' के नाम उजागर करने चाहिए जो इनके खर्चे पर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

#### फिर वही राग..सिस्टम मजबूत करेंगे

अब जेन स्ट्रीट मामले में सेबी की कार्रवाई ने उनके इस दावे को और मजबूती दी है। राहुल ने कहा कि सेबी की कार्रवाई देर से हुई, और यह सवाल बना हुआ है कि इतने समय तक नियामक चुप क्यों रहा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने सोमवार को कहा कि नियामक डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग में हेरफेर की जांच के लिए अपनी निगरानी को और मजबूत करेगा। बहरहाल, सेबी ने जेन स्ट्रीट को 21 दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने या सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल में आदेश को चुनौती देने का अधिकार है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लाभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | ग्रुप–ए औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 04.07.2025 25.07.2025 | 36.45 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | ग्रुप–बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधि की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 04.07.2025 25.07.2025 | 3.62 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36322/I/88/7 दि. 07.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | एनएच–8 के साथ लगते कूड़ा कर्कट संवेदनशील स्थानों पर ट्रोलियों और मैनपावर सहित ट्रैक्टर की तैनाती। | 07.07.2025 15.07.2025 | ईएमडी 1.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36339/I/88/7 दि. 07.07.25

- योजना का उद्देश्य देश की आयात पर निर्भरता को कम करना
- भविष्य के अनुसंधान के रास्ते, राज्य के अनुसार तय करने होंगे
- दलहन और तिलहन में और अधिक शोध किए जाने की आवश्यकता

### आईसीएआर की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित किया कृषि मंत्री ने

# सरकार तिलहन और दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने राज्यवार योजना करेगी तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि सरकार तिलहन और दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यवार और फसलवार योजना तैयार करेगी। इसका उद्देश्य देश की आयात पर निर्भरता को कम करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने इन जिंसों में अनुसंधान को मजबूत करने और केंद्र-राज्य सहयोग को बढ़ाने का आह्वान किया।

मंत्री ने कहा, ''भविष्य के अनुसंधान के रास्ते, राज्य के अनुसार तय करने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''मांग आधारित शोध करने की आवश्यकता है। शोध, केवल कागजी औपचारिकताओं के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि किसानों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।''

## चुनौतियां अब भी बनी हुई

देश ने खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है, इस बात को स्वीकार करते हुए चौहान ने कहा कि चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, ''उत्पादन को और बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन में और अधिक शोध किये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए राज्यवार और फसलवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी।''

## घटिया कृषि आदानों की बिक्री पर सख्त कानून लाएगे



चौहान ने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे घटिया कृषि आदानों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक सख्त कानून लाएगी। उन्होंने मध्य प्रदेश में घटिया सोयाबीन के बीजों की बिक्री की जांच के आदेश दिये।कृषि यंत्रीकरण पर मंत्री ने वैज्ञानिकों से किसानों की मांग के अनुसार प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों का आविष्कार करने का आग्रह किया।

## अप्रासंगिक योजनाओं को समाप्त करने का सुझाव

लाभार्थियों तक योजना के लाभ की पहुंच की निगरानी की आवश्यकता पर बल देते हुए चौहान ने राज्यों से योजनाओं की समीक्षा करने और प्रासंगिक योजनाओं को जारी रखने, अप्रासंगिक योजनाओं को समाप्त करने और नई योजनाएं शुरू करने का सुझाव देने को कहा। बैठक में एक दर्जन राज्य मंत्रियों ने भाग लिया, जिन्होंने सर्वसम्मति से कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए सार्थक प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## कपास, गन्ना व अन्य फसलों पर भी होगी बैठक





मंत्री ने बताया कि फसलवार बैठकों की एक श्रृंखला शुरू हो गई है, जिसमें हाल ही में मध्य प्रदेश के इंदौर में सोयाबीन पर एक बैठक हुई। इसी तरह की बैठकें कपास, गन्ना और अन्य फसलों पर भी होंगी। उन्होंने कहा, ''राज्य की जरूरतों, जलवायु की उपयुक्तता और किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रत्येक फसल पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और उचित समाधान के साथ उत्पादन बढ़ाने पर काम किया जाएगा।''

## मक्का उत्पादन 2047 तक करना है दोगुना



चौहान ने कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। चौहान ने कहा, '' हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है।

# पतंजलि ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन की उपस्थिति में लॉन्च किया दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग



**हरिद्वार।** पतंजलि ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग नामक उत्पाद लांच किया। यह उत्पाद आयुर्वेद ग्रंथों में उल्लेखित गंडूष विधि पर आधारित है। आयुर्वेद में इसे 'दिनचर्या' का अभिन्न हिस्सा माना गया है। दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग का भव्य अनावरण परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज और परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन, उत्तराखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बंसल, सचिव डॉ. विश्वजीत वालिया, कोषाध्यक्ष डॉ. वैभव पाहवा के कर कमलों द्वारा किया गया। यह लॉन्च न केवल एक उत्पाद का लोकार्पण, अपितु आयुर्वेद की खोई हुई दैनिक परंपरा को पुनर्स्थापित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने कहा पतंजलि का यह प्रयास योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान है। पतंजलि केवल उपचार नहीं, अपितु संस्कृति, परंपरा और विज्ञान का सामंजस्य विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग यह भूल गए हैं कि अपने शरीर को संचालित कैसे करना है और उसके साथ सहयोग कैसे करना है। पतंजलि योग और आयुर्वेद के माध्यम से इसको जनमानस को सिखाने का कार्य कर रहा है। यह दन्त उत्पाद पुष्टि करता है कि भारत का प्राचीन सनातन ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य का शिलान्यास



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बिहार की रेलवे संरचना को आधुनिक और सुविधा सम्पन्न बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भारत सरकार में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के कैबिनेट मंत्री थी अश्विनी वैष्णव ने बिहार के समस्तीपुर मंडल स्थित कर्पूरीग्राम स्टेशन परिसर में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का भिनान्याम एवं उद्घाटन किया।इस अवसर पर श्री वैष्णव ने सबसे पहले दीपा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण कर वहां यात्री सुविधा, संरक्षा, साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म की स्थिति, पेयजल, रोशनी एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी यात्रियों को आधुनिक और सुरक्षित रेल अनुभव प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के लिए ईएसआईसी एससीआरईई 2025 की घोषणा

**नई दिल्ली।** सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के लिए ईएसआईसी एससीआरईई 2025 की घोषणा करता है। राज्य कर्मचारी बीमा संघ (ईएसआईसी ) ने शिमला में आयोजित अपनी 196वीं बैठक में एसपीआरईई 2025 की अनुमति दी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मनसुख मांडविया ने की। यह योजना नियोक्ता और कर्मचारियों एसपीआरईई 2025 जिसका अनुमोदन राज्य कर्मचारी बीमा निगम ने किया। इसका उद्देश्य अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

## वैश्विक मांग में नरमी से सोना 550 टूटा, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** नरम वैश्विक रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगातार शुल्क की धमकियों के बाद सोमवार को सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये टूटकर 98,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अपने पिछले बंद भाव से 100 रुपये बढ़कर शनिवार को 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये गिरकर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# निवेशक सतर्क; सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा करीब आने से बढ़ा तनाव
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी जारी रही

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी सोमवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिकी शुल्क लागू होने की नौ जुलाई की समयसीमा करीब आने के साथ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र तेजी के साथ 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,516.82 अंक तक गया और नीचे में 83,262.23 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी स्थिर बंद हुआ। निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लाभ ने आईटी तथा धातु शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई की। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चिंता से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। अमेरिका के भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये गये शुल्क को 90 दिन के लिए टाले जाने की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है।

## इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और आईटीसी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) शामिल हैं।

# दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन की वकालत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने सोमवार को यह राय जताई। सड़क सुरक्षा पर एक संगोष्ठी में सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) के अध्यक्ष रोहित बलूजा ने कहा कि अधिकारियों को दोपहिया वाहनों के लिए एक अलग लेन पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बलूजा ने कहा, ''दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने की जरूरत है, जो फिलहाल नहीं है। साथ ही कानूनों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इससे सवारों की सुरक्षा में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत को दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी खुद की वाहन सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के कार्यकारी निदेशक प्रशांत के बनर्जी ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों में सर्वोत्तम सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं को स्थापित करने के बावजूद उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता की भारी कमी है।

## सभी दोपहिया में लगे एबीएस ब्रेक

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि सभी दोपहिया वाहनों के लिए एबीएस ब्रेक सहित सुरक्षित तकनीकी प्रणालियों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## ओकरिज विशाखापत्तनम ने आईबीडीपी 2025 परिणाम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम गर्व से अपना 2025 के परिणाम की घोषणा करता है । इस के टॉपर्स रुतविक ने 45 अंकों में से 41 अंक प्राप्त करके पूरे विश्व के आईबी विद्यार्थियों में उच्चतम स्थान प्राप्त किया है। कुल विषयों में 38% विद्यार्थीयों ने 35% अकं प्राप्त कर शैक्षणिक गुणवता और बैच की निरंतर कर्मशीलता का प्रदर्शन किया।

## उत्तर रेलवे प्रमोटी ऑफिसर एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल मीट-2025 सफलतापूर्वक हुई संपन्न



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे प्रमोटी ऑफिसर एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल मीट-2025 का आयोजन उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस में सफलतापूर्वक किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा और अपर महाप्रबंधक श्री मोहित चंद्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस मीट में उत्तर रेलवे प्रमोटी ऑफिसर एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ मुख्यालय एवं विभिन्न उत्तर रेलवे मंडलों से आए प्रमोटी ऑफिसर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया।महाप्रबंधक श्री अशोक वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए प्रमोटी ऑफिसर्स के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–05 दिनांक 07.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व0 मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–05 | | | | |
| कार्य का विवरण | WAG-9 लोकोमोटिव के IOH शेड्यूल के कारण नॉर–ब्रेम्स ब्रेक सिस्टम की ओवरहालिंग। | | | | |
| समापन/खोलने की तिथि | 30.07.2025 | लगभग लागत | रू 33,20,154/– | | |
| अर्नेस्ट मनी | रू 66,400/– | समापन अवधि | छह महीने | वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई0आर0ई0पी0एस0 से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रूपये 3000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए | | | | |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास कलास–।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को 3. अपलोड करना आवश्यक है। 4. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।

2040/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रीति पुत्री बनारसी दास निवासी बी–82/83, बिंदापुर, उत्तम नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 621/2018, U/S 323/452/34 IPC, अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रीति** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रीति** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 621/2018, U/S 323/452/34 IPC, अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रीति** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.10.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री निधि चितकारा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं.109, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7976/RD/2025(Court Matter)**

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने नई योजनाएं शुरू की

**नई दिल्ली।** एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना 911) भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी (प्रभारी) श्री सतपाल भानु ने 04.07.2025 को नई योजनाएं शुरू कीं - एलआईसी की नव जीवन श्री (**UIN**: 512**N**387**V**01) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (**UIN**: 512**N**390**V**01)। शुरू की गई दो नई योजनाएं बचत और सुरक्षा का संयोजन हैं और इन्हें विशेष रूप से हमारे जीवन चक्र की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि जुटाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एलआईसी की नव जीवन थी (योजना 912) का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवा पीढ़ी की सभी जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने सपनों, लक्ष्यों, जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहते हैं और साथ ही सुरक्षा भी प्रदान करना है। एलआईसी की नव जीवन थी (योजना 911) सिंगल प्रीमियम पॉलिसी का उद्देश्य जीवन बीमा प्रदान करने के साथ-साथ कोष (कॉर्पस) का निर्माण करना है। वर्तमान परिवेश में जब ब्याज दरें बहुत अस्थिर हैं, ये दोनों प्लान पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीड एडिशन प्रदान करते हैं। एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) यह एक सीमित प्रीमियम एंडोमेंट योजना है जो टैबुलर प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडिशन प्रदान करता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | वर्ष 2025–2026 हेतु विभिन्न मदों के मुद्रण और आपूर्ति के लिए। | 04.07.2025 05.08.2025 | 30 लाख | http://www.bseh.org.in | 9050911877 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36346/I/88/7 दि. 07.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | नूह में अग्रलिखित के निर्माण हेतु डीएनआईटी :– 1. जीएसएसएस धुलावट ब्लॉक–तावडू में 12एसीआर, फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायो लैब, कम्प्यूटर रूम, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम (डीएसई से लाइब्रेरी और ऑफिस) का निर्माण, 2. जीएसएसएस छारोड़ा ब्लॉक तावडू में 5एसीआर, 1 आर्ट एंड क्राफ्ट रूम, 1 कम्प्यूटर, 1 लाइब्रेरी का निर्माण + 11 कार्य। | 30.06.2025 14.07.2025 | 20.64 करोड़ | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |
| 2 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | पीएबी 2025–26 के तहत समग्र शिक्षा जिला फतेहाबाद के तहत 50 स्कूल (1133 कमरे) के सौन्दर्यकरण (पेंटऔर व्हाइट वॉश) हेतु डीएनआईटी + 10 कार्य। | 04.07.2025 15.07.2025 | 20.30 करोड़ | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36323/I/88/7 दि. 07.07.25

## राशिफल



**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।



**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।



**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।



**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।



**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।



**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**धनु** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।




**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# ओकरिज विशाखापत्तनम का आईबीडीपी 2025 में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम ने 2025 की कक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैकलॉरिएट डिप्लोमा कार्यक्रम के नतीजों की घोषणा की, जो स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक नागरिकता की खोज में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। शीर्ष स्कोरर रुतविक ने 45 में से 41 अंक हासिल किए, जिससे वह दुनिया भर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले आईबी छात्रों में शामिल हो गया। इस साल के समूह ने असाधारण प्रदर्शन किया और स्कूल ने 32.7 का औसत उत्तीर्ण स्कोर दर्ज किया। सभी विषयों में कुल ग्रेड औसत 4.8 रहा, जिसमें 38 प्रतिशत छात्रों ने 35 अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो बैच की शैक्षणिक ताकत और निरंतर प्रयास को दर्शाता है। आईबी कोर में प्रदर्शन - जिसमें ज्ञान का सिद्धांत और विस्तारित निबंध शामिल है - समान रूप से सराहनीय था। कोर औसत 2.2 रहा, जिसमें 30 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण 3/3 अंक अर्जित किए। कुल मिलाकर, 73 प्रतिशत छात्रों ने दोनों घटकों में ए या बी ग्रेड प्राप्त किए, जो अनुसंधान, पूछताछ और आलोचनात्मक सोच पर स्कूल के फोकस को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर बोलते हुए प्रिंसिपल सुश्री शैला भामिदिपति ने कहा, 'आईबीडीपी दुनिया के सबसे कठोर प्री-यूनिवर्सिटी कार्यक्रमों में से एक है। और मुझे अपने छात्रों पर बहुत गर्व है कि उन्होंने समर्पण और साहस के साथ इस चुनौती का सामना किया। मैं अपने उत्साही शिक्षकों और सहायक माता-पिता का भी दिल से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने हमारे विद्यार्थियों के साथ इस यात्रा के हर कदम पर कदम रखा।' जैसे-जैसे वे अपने जीवन के अगले अध्याय में कदम रखते हैं, ओकरिज प्रत्येक स्नातक को उनके भविष्य के सभी प्रयासों में शुभकामनाएँ देता है।

## शब्द पहेली - 5921



**बाएँ से दाए-**


1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**

2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5920 का हल**





# हरियाणा मुक्केबाजी संघ ने दी भारतीय मुक्केबाजी टीम को वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई

संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल बोले, भारतीय मुक्केबाजी नए युग में प्रवेश कर चुकी

▶▶ कजाकिस्तान की राजधानी आस्ताना में 30 जून से 6 जुलाई तक हुई प्रतियोगिता

▶▶ खिलाड़ियों ने जीत हासिल कर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया

▶▶ सभी पदक विजेताओं और उनकी मेहनत में भागीदार कोचों को विशेष बधाई

















हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कजाकिस्तान की राजधानी आस्ताना में 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाजी टीम ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हरियाणा मुक्केबाजी संघ की ओर से सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी दल को दिल से बधाई दी गई है हरियाणा मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने इस ऐतिहासिक सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय मुक्केबाजी एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। खिलाड़ियों ने न केवल जीत हासिल की बल्कि पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। उन्होंने सभी पदक विजेताओं और उनकी मेहनत में भागीदार कोचों को भी विशेष बधाई दी।

### इन्होंने जीते पदक

▶▶ **गोल्ड विजेताः** साक्षी (भिवानी), जैस्मिन लाम्बोरिया (भिवानी), नूपुर श्योराण (भिवानी)

▶▶ **सिल्वर विजेताः** मीनाक्षी हुड्डा (रोहतक) व पूजा (भिवानी)

▶▶ **सिल्वर विजेता, पुरुष वर्गः** हितेश गुलिया (झज्जर), जुगनू (भिवानी)

▶▶ **कांस्य विजेताः** नरेंद्र बेरवाल (हिसार)

### आत्मविश्वास से हासिल कर सकते हैं मुकाम

हरियाणा मुक्केबाजी संघ के महासचिव रविंद्र पन्नू, खजांची प्रवीर गहलोत, और डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ओमबीर हुड्डा संदीप मोर महासचिव जिला बॉक्सिंग रोहतक ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्टिंग स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुक्केबाजों ने एक बार फिर दिखा दिया कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### कोचों और खेल स्टाफ को सलाम

इस उपलब्धि के पीछे खिलाड़ियों के कोचों की मेहनत, रणनीति और निरंतर मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मेजर सतपाल संधू जी ने सभी जिला इकाइयों, प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत में हर इकाई की भागीदारी है।

### बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का विशेष धन्यवाद

*हरियाणा मुक्केबाजी संघ ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) को भी इस पूरी प्रतियोगिता के कुशल आयोजन और भारतीय टीम के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष मेजर संधू जी ने कहा कि बीएफआई की दूरदर्शिता और खिलाड़ियों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ही इस सफलता का आधार है। यह गौरव का क्षण सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, पूरे देश और विशेष रूप से हरियाणा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है हरियाणा मुक्केबाजी संघ भविष्य में भी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, विकास और सफलता के लिए इसी प्रकार प्रतिबद्ध रहेगा।*

***जय हिंद! जय बॉक्सिंग!***

## खबर संक्षेप

### आईसीसी से नए सीईओ बने संजोग गुप्ता



**दुबई।** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे।

### डीपीएल में आमने-सामने होगा कोहली का भतीजा और सहवाग का बेटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में दो हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग का जलवा देखने को मिल सकता है। इन दोनों को रविवार को हुई नीलामी के दौरान अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने खरीदा। उभरते हुए लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं, जिन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शुमार लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी (38 लाख रुपये) भी शामिल हैं।

### एलेक्स डि मिनोर को हराकर जोकोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सोमवार को यहां 11वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। छठे वरीय जोकोविच पर 2016 से विंबलडन में सबसे जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उन्होंने खराब शुरुआत से उबरकर डि मिनोर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आठ बार के विंबलडन चैंपियन रोजर फेडरर भी जोकोविच के इस मुकाबले को देखने के लिए रॉयल बॉक्स में मौजूद थे। हालांकि 38 साल के जोकोविच की शुरुआत खराब रही और उन्होंने बेहद एकतरफा पहला सेट गंवा दिया। जोकोविच ने इसके बाद वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर 2-1 की बढ़त बनाई।

## मुल्डर बने टेस्ट में तीसरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान, रचा इतिहास

*दक्षिण अफ्रीका-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज*

# वियान ने लारा के सम्मान में 400 रन से पहले पारी घोषित की

एजेंसी ▶▶ बुलावायो

दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर ने कहा कि उन्होंने ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के रिकॉर्ड के करीब होने के बावजूद पारी घोषित करने का फैसला किया क्योंकि उनका मानना है कि वेस्टइंडीज के दिग्गज 'रिकॉर्ड बनाए रखने के हकदार हैं'। मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन नाबाद 367 रन की पारी खेली लेकिन टीम की पारी को 626 रन पर घोषित कर दिया जबकि वह लारा के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 34 रन पीछे थे। मुल्डर ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, ''सबसे पहले मुझे लगा कि हमारे पास पर्याप्त रन हैं और हमें गेंदबाजी करने की जरूरत है। दूसरा, ब्रायन लारा एक दिग्गज हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुझे दोबारा ऐसा करने का मौका मिला तो मैं बिल्कुल ऐसा की करूंगा। मैंने शुक्स (शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा।



### तिहरा शतक जड़ने वाले अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर

भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सबसे तेज 300 रन का रिकॉर्ड बनाया था, जिन्होंने 2008 में चेन्नई में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 278 गेंदों पर 300 रन ठोक दिए थे। मुल्डर ने पिछले साल मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ हैरी ब्रूक के 310 गेंदों में बनाए गए तिहरे शतक को पीछे छोड़ते हुए चार्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। साउथ अफ्रीका के लिए अपना 21वां टेस्ट खेल रहे मुल्डर तिहरा शतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे खिलाड़ी बने। हाशिम अमला पहले ऐसा क्रिकेटर थे।

### 300 रन बनाने वाले सबसे युवा कप्तान

25 वर्षीय भारत के कप्तान शुभमन गिल इस सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ 269 रन पर आउट होकर रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। मुल्डर 61 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए तिहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट कप्तान बन गए। 27 वर्ष और 138 दिन की उम्र में मुल्डर ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन (28 वर्ष 171 दिन) को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1964 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन बनाए थे।

### सबसे तेज तिहरा शतक

| | |
|---|---|
| 278 गेंद | : वीरेंद्र सहवाग, भारत बनाम साउथ अफ्रीका–चेन्नई 2008 |
| 297 गेंद | : वियान मुल्डर, द.अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 310 गेंद | : हैरी ब्रूक, इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान–मुल्तान 2024 |
| 362 गेंद | : मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया बनाम जिम्बाब्वे–पर्थ 2003 |

### टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान

| | |
|---|---|
| 27 वर्ष 138 दिन | : वियान मुल्डर (300*), साउथ अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 28 वर्ष 171 दिन | : बॉब सिम्पसन (311), ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड–मैनचेस्टर 1964 |
| 29 वर्ष 61 दिन | : महेला जयवर्धने (374), श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका–कोलंबो 2006 |
| 30 वर्ष 276 दिन | : माइकल क्लार्क (329*), ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत–सिडनी 2012 |

## कुश्ती

# अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप टीम में चुने गए छह पदक विजेता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियाई चैंपियनशिप के छह पदक विजेताओं ने सोमवार को चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने ट्रायल्स को हाल ही में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित कर दिया था, जिसके कारण प्रत्येक 10 वर्ग में केवल सर्वश्रेष्ठ पहलवानों ने ही प्रतिस्पर्धा की, जिससे मुकाबलों की संख्या सीमित हो गई। हरियाणा की रचना परमार (43 किग्रा), दिल्ली की मोनी (57 किग्रा), राजस्थान की अश्विनी वैष्णो (65 किग्रा) और हरियाणा की मनीषा (69 किग्रा), अपने-अपने वर्ग में विजेता बनीं। इन सभी ने वियतनाम में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। ट्रायल में जीत दर्ज करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाली अन्य खिलाड़ियों में उत्तर प्रदेश की प्रीति (40 किग्रा), कशिश (46 किग्रा), कोमल (49 किग्रा), यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) शामिल हैं।

### डूरंड कपः 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाईटेड एफसी में की भिड़ंत

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 134वें सत्र के पहले मैच में 23 जुलाई को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में बेंगलुरु के साउथ यूनाईटेड एफसी से भिड़ेगा। टूर्नामेंट के दौरान छह शहरों में 43 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 23 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही 24 टीम को चार-चार टीम के छह समूह में बांटा गया है। प्रत्येक टीम ग्रुप चरण में एक बार अन्य तीन टीम से भिड़ेगी। छह ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे।

## एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी तन्वी



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन की उभरती खिलाड़ी तन्वी शर्मा भविष्य में बीडब्ल्यूएफ के बड़े टूर्नामेंटों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए नेट के बेहतर इस्तेमाल और खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है लेकिन उसका तात्कालिक लक्ष्य इस साल एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतना है। पंजाब की 16 वर्षीय तन्वी पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 में उपविजेता रहकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं। तन्वी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक अद्भुत सप्ताह था। मैं इससे खुश हूं लेकिन अब मैं अपने दूसरे टूर्नामेंटों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। मुझे 500 और 750 स्तर की स्पर्धाओं में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट (यूएस ओपन) में मेरा खेल बहुत आक्रामक था। मेरी 'मूवमेंट' बहुत तेज थी और मेरे 'स्मैश' बहुत अच्छे थे।

### विश्व मुक्केबाजी ने बीएफआई की अंतरिम समिति का कार्यकाल 31 अगस्त तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित होकर विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की अंतरिम समिति का कार्यकाल 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। अजय सिंह की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति को इस साल अप्रैल में भारत में मुक्केबाजी के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करने के लिए नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के बाद से समिति ने अपने शुरुआती 90 दिवसीय कार्यकाल के दौरान 'खिलाड़ी पहले' दृष्टिकोण को अपनाते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप और उसके बाद सभी आयु समूहों (अंडर-15, अंडर-17 और एलीट) में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए हैं।

## अंडर-19: श्रृंखला जीत चुकी भारतीय टीम इंग्लैंड से सात विकेट से हारी

भाषा ▶▶ वॉर्सेस्ट

भारतीय अंडर-19 टीम सोमवार को यहां पांचवें युवा वनडे मैच में इंग्लैंड अंडर-19 से सात विकेट से हार गयी। भारत ने हालांकि शनिवार को चौथा मैच 55 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद नौ विकेट पर 210 रन बनाए। इंग्लैंड ने इस लक्ष्य को 113 गेंदें शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया। भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान आयुष म्हात्रे (1) और विहान मल्होत्रा (1) तीन ओवर के अंदर ही आउट हो गए। उस समय स्कोर सिर्फ नौ रन था। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गये। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24), कनिष्क चौहान (24) और दीपेश देवेंद्रन (0) लगातार अंतराल विकेट गंवाते रहे। आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में छह चौकों की मदद से जुझारू 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82, बीजे डॉकिन्स के 66 और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

## मनु दो स्पर्धाओं में साधेंगी निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं, जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की ओर से घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता 7 से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। एनआरएआई द्वारा घोषित दो 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में ओलंपियन रायजा ढिल्लों ही एकमात्र बदलाव है। उन्हें मानसी रघुवंशी की जगह दिल्ली विश्व कप जूनियर महिला स्कीट टीम में शामिल किया गया है।

### एशियाई चैंपियनशिप के लिए निशानेबाजी टीम में हुआ चयन



### स्वप्निल और राही ने टीम में बनाई जगह

सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और केनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं। ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) दोनों सीनियर टीम में हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन और ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो जाने वाली टीम में जगह मिली है।




# ऑपरेशन सिंदूर में भारत के तीन दुश्मनों से एक साथ लड़ने के बयान पर चीन-पाक को लगी मिर्ची

## पाक बोला, अपनी सैन्य ताकत से लड़े, चीन ने कहा, पाक संग दोस्ती पुरानी लेकिन तीसरा देश निशाने पर नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उप-सेनाप्रमुख राहुल.आर सिंह द्वारा हाल ही में फिक्की में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई के दौरान भारत के एक सीमा पर तीन दुश्मनों यानी पाकिस्तान, चीन और तुर्किए के साथ एक साथ लड़ने वाले बयान से न केवल उसके दोनों पड़ोसी (चीन, पाकिस्तान) देश पूरी तरह से बौखला गए हैं। बल्कि अब वो एक साथ मामले पर अपनी-अपनी सफाई भी पेश कर रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी के दावे को हर प्रकार से गलत साबित करने की कोशिश की जा रही है।

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत की आलोचना करते हुए कहा कि उसका यह दावा कि दोनों देशों के बीच हुए चार दिनी संघर्ष में पाकिस्तान को बाहरी मदद या समर्थन (चीन, तुर्किए से मिले हथियार) मिला था। यह पूरी तरह से गलत और तथ्यहीन है।

इस्लामाबाद में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता और रणनीतिक ताकत को बीते कई सालों से विकसित कर रहा है। उसकी सैन्य ताकत इसी मेहनत का परिणाम है, जिससे हम लड़े। जबकि दूसरी ओर चीन का कहना है कि चीन-पाकिस्तान निकट पड़ोसी देश हैं। जो परंपरागत मित्रता को साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग हमारे राष्ट्रीय सहयोग का हिस्सा है। जिसमें किसी तीसरे पक्ष पर निशाना नहीं साधा जाता है।

### भारत पर लगाया कैंप पॉलिटिक्स का आरोप



ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के हाथों बुरी तरह से मार खाने के बाद भी पाकिस्तान की हालत में कोई सुधार नहीं आया है और उनके सेनाप्रमुख भारत को गीदड़भभकी देने की अपनी नापाक आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को उकसाने वाली किसी भी कार्रवाई का तुरंत जवाब दिया जाएगा। अगर हमारे सैन्य ठिकानों, आर्थिक केंद्रों और बंदरगाहों को निशाना बनाने की कोशिश की गई, तो हम जवाब देंगे। मुनीर ने भारत पर कैंप पॉलिटिक्स यानी गुटबाजी करने का भी आरोप लगाया।

### दलाई लामा को पीएम की जन्मदिन की बधाई से उखड़ा चीन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा की दी गई 90वें जन्मदिन की हालिया बधाई और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों की हिमाचल प्रदेश में इस बाबत आयोजित किए गए समारोह में की गई भागीदारी से चीन तिलमिला गया है। मीडिया ब्रीफिंग में एक अन्य प्रश्न के जवाब में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारत के इस प्रतिक्रिया पर विरोध जताते हुए उसे तिब्बत से जुड़े हुए मामलों में बीजिंग की संवेदनशीलता का सम्मान करने को कहा। उन्होंने ये भी कहा कि तिब्बत के मामले को लेकर चीन की सरकार का रुख मजबूत और बिलकुल स्पष्ट है।

### निशाने पर नहीं तीसरा देश: चीन

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि मुझे भारत के लाइव लैब वाले बयान के बारे में कोई खास जानकारी नहीं है। लेकिन मैं यहां यह बताना चाहूंगा कि चीन और पाकिस्तान दो निकट पड़ोसी देश हैं। जो परंपरागत मित्रता का आनंद ले रहे हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग हमारे सामान्य सहयोग और भागीदारी का हिस्सा है। जिसमें किसी तीसरे देश को निशान नहीं बनाया गया और न ही ऐसा किया जाता है। दूसरी ओर निंग ने भारत और चीन संबंधों पर टिप्पणी की और कहा कि दोनों देश संबंधों में सुधार और विकास के जटिल दौर से गुजर रहे हैं। जिसमें बीजिंग नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तीव्र गति से प्रगति को प्रोत्साहित करना चाहता है।

### लेफ्टिनेंट जनरल सिंह का बयान

गौरतलब है कि लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने अपने बयान में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की चार दिनों तक चली कार्रवाई के दौरान एक ओर चीन, जीवत प्रयोगशाला (लाइव लैब) की तर्ज पर पाकिस्तान को दिए अपने हथियारों को जांच-परख रहा था। तो वहीं, भारत इस दौरान अपनी एक सीमा यानी पश्चिमी सीमा पर केवल एक नहीं बल्कि तीन-तीन दुश्मनों से एक साथ लड़ा था। उनका इशारा पाकिस्तान और उसे भारत के खिलाफ हमले को लेकर प्रदान की गई चीन और तुर्किए के हथियारों की मदद की ओर था।

## राजधानी में आयोजित किए गए 'नियंत्रक सम्मेलन-2025' को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# शांतिकाल महज एक 'भ्रम' है, हमें 'अनिश्चितता' के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की 7 मई 2025 को की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को सोमवार को दो महीने पूरे हो गए हैं। जिसमें सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 ठिकानों में छिपे बैठे 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था। लेकिन इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजधानी में आयोजित किए गए रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 'नियंत्रक सम्मेलन-2025' को संबोधित करते हुए देश की सुरक्षा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें उन्होंने शांति के समय को वास्तविक शांति की बजाय एक धोखा या भ्रम मानने की सलाह दी और कहा कि अपेक्षाकृत शांति के माहौल में भी हमें हमेशा अनिश्चितता और अस्थिरता के लिए तैयार रहना चाहिए। अचानक घटित होने वाली परिस्थितियां हमारी वित्तीय और परिचालन स्थिति में पूर्ण बदलाव ला सकती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घरेलू रक्षा हथियारों, उत्पादों की ताकत पूरे विश्व के सामने प्रदर्शित हुई है। दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र को एक नए सम्मान के साथ देख रही है। लेकिन वित्तीय प्रक्रियाओं में थोड़ी सी भी देरी या त्रुटि सीधे परिचालन तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। रक्षा मंत्रालय ने 7 जुलाई को जारी किए गए एक बयान के जरिए यह जानकारी दी।

### अस्थायी विराम पर ऑपरेशन सिंदूर

गौरतलब है कि पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के साथ ही पूरी दुनिया को साफ शब्दों में भारत की नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई शून्य सहिष्णुता की नीति को स्पष्ट करते हुए यह बता चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थायी विराम पर है। भविष्य में अगर पाकिस्तान द्वारा भारत पर कोई आतंकवादी हमला किया जाता है। तो हम उसे अपने देश पर युद्ध की कार्रवाई के समान ही मानेंगे और उससे उसी अंदाज में निपटेंगे। समारोह में सीडीएस के साथ ही तीनों सेनाप्रमुख भी शामिल हुए।

### स्वदेशी हथियारों की बढ़ी मांग

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य पराक्रम के अलावा भारत के घरेलू रक्षा उत्पादों की बेहतरीन क्षमता का दुनिया के सामने प्रदर्शन हुआ। जिसने देश में तैयार किए गए सैन्य हथियारों, उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग को और बढ़ा दिया है। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ ही हमारी जिम्मेदारी एक नियंत्रक से आगे बढ़कर अब एक सुविधाकर्ता की है। राजनाथ सिंह के मुताबिक, हमारी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि निर्णयों को तीव्र गति से लिया जाए। जिससे हम यहीं भारत में भारतीयों के हाथों से ही बड़े इंजनों का निर्माण शुरू कर सकें। दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र को एक नए सम्मान के साथ देख रही है। रक्षा व्यय को महज एक व्यय के रूप में देखने की बजाय इसे गुणक प्रभाव के साथ आर्थिक निवेश के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए। हमें हर समय नवीन तकनीकों और उत्तरदायी प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए। सिपरी के अनुसार, 2024 में बढ़ते सैन्य व्यय 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की वजह से देश के स्वदेशी रक्षा उद्योगों के लिए कई अवसर खुलते हैं।

### आत्मनिर्भरता को मिलता बढ़ावा

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में जारी तमाम परिवर्तनों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। इसलिए रक्षा नियोजन, वित्त तथा नवाचार में संरचनात्मक सुधार हुआ है। पहले भारत जिन उपकरणों का आयात करता था। उनमें से अधिकांश अब देश में ही बनाए जा रहे हैं। हमारे सुधार उच्चतम स्तर पर दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता की स्पष्टता के कारण सफल हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत के उद्योगों को वैश्विक मांग में बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए, निर्यात-नवाचार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए।

### स्पर्श से जुड़े 32 लाख पेंशनभोगी

उन्होंने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के जरिए सार्वजनिक खरीद में बदलाव पर चर्चा की और कहा कि मंत्रालय ने 2024-25 तक जीईएम के जरिए 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की है। एकीकृत वित्तीय सलाहकारों और सक्षम वित्तीय अधिकारियों को इसका अधिकतम उपयोग करना चाहिए। स्पर्श (पेंशन प्रशासन प्रणाली-रक्षा) प्लेटफॉर्म से 32 लाख से अधिक रक्षा पेंशनभोगियों को पारदर्शी और फेसलेस पेंशन प्रणाली के तहत जोड़ा गया है। रक्षा मंत्री ने व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली जैसी आगामी डिजिटल पहलों का जिक्र किया।जिनसे वेतन और कार्मिक डेटा प्रबंधन को सरल बनाया गया है। रक्षा वित्त, अर्थशास्त्र के लिए विजन दस्तावेज और रोडमैप पर विभाग के कार्य का भी उन्होंने स्वागत किया।

### आत्मनिरीक्षण से हो आंतरिक सुधार

उन्होंने डीएडी के नए आदर्श वाक्य 'सतर्क, चुस्त, अनुकूल' की सराहना की और कहा कि यह महज शब्द नहीं हैं। बल्कि वर्तमान में तेजी से विकसित हो रहे रक्षा माहौल में आवश्यक कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब हैं। अधिकारियों को केवल बाहरी ऑडिट या सलाहकारों पर निर्भर रहने की जगह पर आत्मनिरीक्षण के जरिए आंतरिक सुधार करने चाहिए। क्योंकि यह जीवंत संगठन बनाते हैं। जिनमें बाधाएं कम हैं। विभाग की प्रक्रियाओं में छोटी-छोटी गलतियों के भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस जगह पर काम कर रहे हैं। वहां अगर आप एक छोटी सी भी गलती करते हैं तो सैनिकों को समय पर जरूरी संसाधन नहीं मिल पाएंगे। हमारी लापरवाही के कारण बजट आवंटन में दिक्कत आ सकती है। जिसका सीधा प्रभाव रणनीतिक तत्परता पर पड़ेगा।

## 4 दिन में 70 हजार लोगों ने किए दर्शन



एजेंसी ⏭ जम्मू

अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। तीन जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक करीब 70 हजार लोगों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले चार दिनों में 70 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की, इनमें से 21,512 यात्रियों ने रविवार को दर्शन किए। इसके अलावा, 8,605 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहला काफिला 3,486 श्रद्धालुओं को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप जा रहा है, जबकि दूसरा काफिला 5,119 श्रद्धालुओं को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप जा रहा है। बता दें, यात्रा 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी।

## एनआईए की पूछताछ में राणा ने कबूला

# वह पाकिस्तान आर्मी का एजेंट हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

26/11 आतंकी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुण राणा ने नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की पूछताछ में कबूला है कि वह वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। उसने यह भी कबूला कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों द्वारा किए गए हमले के दौरान वह मुंबई में ही था। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

### मुंबई में खोला था इमिग्रेशन सेंटर



*राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी। 64 साल का तहव्वुर राणा पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा पाक सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था।*

### हमले के मास्टरमाइंड हेडली का दोस्त है राणा

डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर उसका दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। राणा को पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर राणा आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है।

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी को झटका

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुरक्षा को रद्द करने वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने तुर्किये की फर्म सेलेबी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विमानन नियामक बीसीएएस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इसके बाद सोमवार को कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन यानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख करते हैं।

केंद्रीय प्राधिकरण के वकील ने विमानन सुरक्षा के लिए खतरे की ओर इशारा करते हुए कार्रवाई का बचाव किया था। सेलेबी के वकील ने तर्क दिया था कि केंद्र का कदम न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।




## इसरो प्रमुख को शुभांशु ने किया फोन, अंतरिक्ष यात्रा के लिए

# वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रगति और गतिविधियों की दी जानकारी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। शुक्ला ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।

**खास बातें**

- इसरो प्रमुख बोले- वापस आने पर सभी प्रयोगों और अनुभवों का विस्तार से दस्तावेज तैयार करें
- भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी



### इसरो के कई अधिकारियों ने भी की बात

इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक, पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक, एम. गणेश पिल्लई और इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन का उद्देश्य भारत की यह क्षमता साबित करना है कि वह अपने दम पर इंसानों को लो-अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) में भेज सकता है। शुक्ला का यह मिशन इसरो और अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के सहयोग से संभव हुआ है।

**लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश में जुटे**

*इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109